उज्जैन
बुधवार
15
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-252
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ सट्टा कनेक्शन में नाना पटवारी के तीन साथी रडार पर

7 ▸ पंजाबी रेसलर के एक थप्पड़ से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ चैंपियन बेहोश




## भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज से लागू

**नई दिल्ली।** भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर आज से सस्ते मिलेंगे। आज से भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। यानी अब भारत के 99% सामानों को यूपी में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं यूके के 99% सामान 3% एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे।

## हुरून रियल एस्टेट रिच लिस्ट में गौतम अडाणी नंबर-1

**नई दिल्ली।** भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में साल 2026 में बड़ा उलटफेर हुआ है। ग्रोहे-हुरून इंडिया रियल एस्टेट रिच लिस्ट में गौतम अडाणी और उनका परिवार पहली बार नंबर-1 पोजीशन पर पहुंच गया। अडाणी प्रॉपर्टीज की वैल्यू में इस साल 38,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही उन्होंने इस मामले में डीएलएफ के राजीव सिंह को पीछे छोड़ दिया है। 2026 की ग्रोहे-हुरून इंडिया रियल एस्टेट 150 रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी प्रॉपर्टीज इस साल भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में सबसे ज्यादा वैल्यू जोड़ने वाली कंपनी बनकर उभरी है। सालाना आधार पर कंपनी की वैल्यूएशन 72.5% बढ़कर 90,400 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है।

## मोदी ने स्लोवाकिया के नेता को बिहारी ठेकुआ गिफ्ट किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने स्लोवाकिया के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने संसद अध्यक्ष रिचर्ड रासी को बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकुआ गिफ्ट किया था। अब रासी ने ठेकुआ खाते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो काफी चर्चा में है। वीडियो में रासी गिफ्ट बॉक्स खोलकर ठेकुआ निकालते हैं और उसका स्वाद चखते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक उपहार नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति और परंपरा की झलक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी यह ठेकुआ बिहार से लेकर आए थे, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। रासी ने कहा कि ठेकुआ उन्हें स्लोवाकिया की कुछ पारंपरिक मिठाइयों की याद दिलाता है।

## पीओके में प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने महिलाओं और बच्चों सहित आम नागरिकों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग किया, इंटरनेट सेवाएं बंद कीं और आवश्यक राहत सामग्री की आपूर्ति भी रोक दी। नई दिल्ली में आयोजित साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान ने अत्यधिक पुलिस बल का इस्तेमाल किया है। महिलाओं और बच्चों के साथ भी सख्ती बरती गई है। इंटरनेट ब्लैकआउट लागू किया गया है और जरूरी तथा मानवीय सहायता की आपूर्ति रोक दी गई है।

## जर्मनी यूक्रेन को देगा 50 हजार अटैक ड्रोन

**यूक्रेन।** जर्मनी यूक्रेन के लिए 50,000 एफपीवी (फर्स्ट-पर्सन व्यू) अटैक ड्रोन खरीदने का वित्तपोषण करेगा। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, इस सौदे की अनुमानित कीमत करीब 9 करोड़ यूरो (10.3 करोड़ डॉलर) है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये श्राइक नामक कम लागत वाले अटैक ड्रोन यूक्रेन की कंपनी स्काईफॉल बनाती है। इनमें अमेरिकी कंपनी ऑटेरियन का सॉफ्टवेयर लगा है, जो उड़ान के अंतिम चरण में चलते हुए लक्ष्य की खुद पहचान कर उस पर हमला करने में सक्षम है। ऑटेरियन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लॉरेंज मेयर के अनुसार, कुछ ड्रोन पहले ही यूक्रेन को भेजे जा चुके हैं और बाकी की आपूर्ति 2026 के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है।

### पूरे विश्व में सोनम वांगचुक की नई सोच की सराहना हुई

# वांगचुक को कई देशों से सम्मान मिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

सोनम वांगचुक जो एक भूटान के इंजीनियर और इनोवेटर हैं, उन्हें शिक्षा, ऊर्जा और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में अपनी नई-नई खोजों के लिए जाना जाता है। सबसे पहले, उन्होंने सोलर पावर्ड स्कूलों का एक मॉडल बनाया, जिसमें कम खर्च में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा सके। उन्होंने 'ड्रिम स्कूल' कॉसेप्ट भी विकसित किया, जिसमें बच्चों को क्रिएटिव तरीके से सीखने, प्रकृति से जुड़ने और अपनी रुचियों को खोजने का मौका मिलता है। इसके अलावा, उन्होंने सौर ऊर्जा से चलने वाले 'इको-हाउस' बनाए, जो भूटान जैसे पहाड़ी इलाकों में काफी प्रभावशाली हैं। उनका कहना है कि टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी का मेल अगर सही हो, तो हम शिक्षा और जीवन दोनों में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

वांगचुक ने खासकर शिक्षा और ऊर्जा के क्षेत्र में कई अभिनव चीजें विकसित की हैं। उदाहरण के लिए, उन्होंने सोलर मडरूम जैसी ऊर्जा-कुशल तकनीकें बनाई हैं, और शिक्षा के लिए बदलाव लाने वाले 'ड्रिम स्कूल' जैसे मॉडल भी तैयार किए हैं। उनका काम प्रेरक है और पूरे विश्व में उनकी नई सोच की काफी सराहना होती है। सोनम वांगचुक भूटान के एक प्रसिद्ध इंजीनियर, इनोवेटर और सामाजिक सुधारक हैं। उनका जन्म 1966 में भूटान के ल्हुंटसे में हुआ था। वह भारतीय मूल के भी हैं, और उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की है। वांगचुक को खासतौर पर 'स्टूडेंट्स के लिए' प्रेरणा स्रोत माना जाता है, क्योंकि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में पारंपरिक तरीकों को चुनौती देकर नए मॉडल विकसित किए। उनके द्वारा स्थापित 'राइजिंग स्टार्स' और 'जगदगुरु सोलर स्कूल' जैसे संस्थान बच्चों को रचनात्मकता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जोड़ते हैं, ताकि वे समाज में बदलाव ला सकें। सोनम वांगचुक ने कई सामाजिक और शैक्षिक आंदोलनों में हिस्सा लिया है। उनका सबसे मशहूर आंदोलन था स्टूडेंट्स का लद्दाख में हड़ताल जिसमें उन्होंने स्थानीय बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा की मांग की थी और इसके लिए उन्होंने भूख हड़ताल भी की थी। इसके अलावा, उन्होंने जलवायु परिवर्तन, सोलर एनर्जी और टिकाऊ जीवनशैली के लिए भी कई जन-जागरूकता अभियान चलाए हैं। उनकी हर पहल का मकसद था कि लोग सिस्टम में बदलाव लाएं और शिक्षा व ऊर्जा दोनों में सुधार हो।



## मैं जंतर-मंतर जाऊंगी, सोनम जी का अनशन खुलवाने : राखी सावंत

**मुम्बई।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर इन दिनों एक बड़ी सामाजिक हलचल मची हुई है, जहां मशहूर इंजीनियर और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने अपने जीवन को दांव पर लगाते हुए एक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। वांगचुक का कहना है कि वह शिक्षा प्रणाली में सुधार और परीक्षा गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है और इसी बीच अभिनेत्री राखी सावंत ने भी उनका समर्थन किया है। राखी सावंत ने कहा, मैं जंतर-मंतर जाऊंगी, सोनम जी का उपवास तोड़वाऊंगी, उन्हें नींबू पानी, आमरस और मौसम्बी जैसे फल देने वाली चीजें पिलाऊंगी। प्लीज सोनम जी, आप अन्नशन तोड़ दीजिए, इसे बेकार लोगों के लिए अपनी जान मत जोखिम में डालिए, आपकी जान बहुत कीमती है। राखी के इस भावुक अपील ने वांगचुक के समर्थन में और अधिक लोगों का दिल जीता है, और प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में लोग उनके स्वास्थ्य के लिए चिंतित और सहानुभूति जताने पहुंचे हैं।



- सोनम वांगचुक को कई देशों से सम्मान मिले हैं। भारत में उन्हें 1996 में जम्मू-कश्मीर सरकार का गवर्नर मेडल, 2001 में 'द वीक' मैगजीन का मैन ऑफ द ईयर, और 2008 में सीएनएन-आईबीएन का रियल हीरो अवार्ड मिला। अमेरिका में उन्होंने 2016 में रोलेक्स अवार्ड जीता, जबकि फ्रांस में उन्हें 2014 में यूनेस्को चेयर और 2016 में इंटरनेशनल टेरा अवार्ड मिला। सबसे प्रतिष्ठित अवार्ड उन्हें 2018 में फिलिपीन्स में रमन मैग्सेसे अवॉर्ड मिला, जिसे एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।
- सोनम वांगचुक ही वो प्रेरणा स्रोत थे, जिन पर फिल्म 'थ्री इडियट्स' का मशहूर किरदार फुन्सुक वांगडा आधारित है। आमिर खान ने जो कैरेक्टर निभाया, उसका प्रेरणा सोनम वांगचुक की असली ज़िंदगी और उनकी शिक्षा में क्रांतिकारी सोच से ली गई थी। वांगचुक ने भी शिक्षा के पारंपरिक सिस्टम को चुनौती दी थी और अपनी नई विधियों से बच्चों को प्रेरित किया था, जो फिल्म में दिखाया गया है।

# वांगचुक 17 दिन से अनशन पर, 8.5 किलो वजन घटा

- **कॉकरोच जनता पार्टी बोली- सरकार बेपरवाह**
- **उद्धव-महुआ और अखिलेश की भूख हड़ताल खत्म करने की अपील**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है। अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं।
सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है।
कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि सरकार को वांगचुक की कोई चिंता नहीं है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि वांगचुक की जान को खतरा है। सरकार को मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

### सोनम के अनशन पर नेताओं-फिल्मी हस्तियों की प्रतिक्रिया

- **सपा चीफ अखिलेश यादव-** जिस भाजपा सरकार को वह अपने आमरण अनशन से जगाने की कोशिश कर रहे हैं, वह सिद्धांतहीन और भ्रष्ट व्यवस्था बन चुकी है। इतनी निर्मम सरकार के लिए किसी का भी बलिदान मायने नहीं रखता।
- **पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल-** मैं 16 जुलाई शाम 5 बजे जंतर-मंतर जाकर सोनम वांगचुक और सीजेपी के प्रदर्शनकारियों से मुलाकात करूंगा और अपना समर्थन दूंगा।
- **टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा-** आपके उपवास ने युवाओं को एकजुट कर दिया है। सरकार को आपके या करोड़ों युवाओं के जीवन की परवाह नहीं है। आपका जीवन हमारे लिए मायने रखता है। अनशन बंद करें और लड़ाई जारी रखें।



- **सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके-** उनकी मसल्स कमजोर होने लगी हैं। सब की तरह मैंने भी उनसे अनशन खत्म करने की रिक्वेस्ट की है। उन्होंने कहा- 'मुझसे अनशन खत्म करने के लिए मत कहो। सरकार से पूछो कि वह बातचीत क्यों नहीं कर रही है।'
- **पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे-** हम, शिवसेना की ओर से सोनम वांगचुक और अभिजीत दीपके के आंदोलन को सपोर्ट देते हैं। दीपके से फोन पर बात कर सोनम से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है।
- **ओमी वैद्य-** मैं नहीं चाहता कि यह इंसान मर जाए। मेरे लिए वह एक प्रेरणादायक व्यक्ति हैं। मैं चाहता हूं कि वह सुरक्षित रहें और जिंदा रहें।
- **जीनत अमान-** मैं भारत सरकार से बातचीत शुरू करने की अपील करती हूं। हमें ऐसा समाज नहीं बनना चाहिए, जो चुपचाप बैठकर अपने सबसे अच्छे दिमागों में से एक को बलिदान होते देखता रहे।

## असम-अरुणाचल में 1.40 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

मानसून के ब्रेक ने उत्तर भारत के राज्यों में तापमान बढ़ा दिया है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पिछले 3 दिन से तेज गर्मी पर पड़ रही है। दिल्ली में मंगलवार को पारा 38 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटों में अरुणाचल प्रदेश के चार जिलों में बाढ़, लैंडस्लाइड और भारी बारिश से घरों को नुकसान पहुंचा है। राज्य में बारिश-बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 1,02,917 हो गई है। बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक राज्य में 7 लोगों की मौत हो चुकी है और 29 लोग घायल हुए हैं। इधर असम में बाढ़ का पानी 6 जिलों में फैल गया है, जिससे 12 रेवेन्यू सर्कल और 99 गांव प्रभावित हुए हैं।

# एम्स की तकनीकी विशेषज्ञता से बदलेगी मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

### उज्जैन जिले के दूरदराज गांवों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, कुपोषण की पहचान और उपचार होगा अधिक प्रभावी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल के बीच होने वाले समझौता ज्ञापन (एमओयू) का लाभ पूरे प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा। इस पहल से जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### महत्वपूर्ण सफलता मिलने की संभावना

महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार इस पहल से उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आने की उम्मीद है। विशेष रूप से दूरदराज के गांवों में रहने वाले बच्चों और महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण परामर्श तथा उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकेगी। इससे कुपोषण की रोकथाम और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की संभावना है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विभागीय अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक में एम्स भोपाल के साथ एमओयू को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और फ्रंटलाइन वर्कर्स को गंभीर कुपोषण की समय पर पहचान, बच्चों के स्वास्थ्य मूल्यांकन तथा आवश्यक उपचार एवं रेफरल प्रक्रिया का विशेष क्लिनिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस पहल का लाभ उज्जैन जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद कार्यकर्ता बच्चों में कुपोषण की प्रारंभिक पहचान अधिक सटीकता से कर सकेंगी, जिससे समय पर उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान होगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी तथा पोषण संबंधी परामर्श को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### कैमा रेलवे स्टेशन पर बेहोश मिली नाबालिग, हाथ-पैर, मुंह बंधे थे

# 15 दिन बंधक बनाकर यौन उत्पीड़न भी किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना**

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के सतना जिले के कैमा रेलवे स्टेशन के पास देर रात एक नाबालिग लड़की बेहोशी की हालत में मिली। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। मुंह पर पट्टी बंधी थी। उसके शरीर पर चोट के निशान थे और कपड़े भी फटे हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना कोलगवां थाना क्षेत्र की है। स्थानीय सरपंच मनोज कुमार ने डायल-112 पर सूचना दी कि एक नाबालिग सड़क किनारे बेहोश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय महिला की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना



मिलते ही सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान और थाना प्रभारी सुदीप सोनी भी अस्पताल पहुंचे।

**काम दिलाने के बहाने ले गए-** पुलिस के अनुसार, इलाज के बाद होश में आने पर पीड़िता ने बताया कि वह मैहर जिले के एक गांव की रहने वाली है। उसकी मां और भाई की मौत हो चुकी है और पिता ने दूसरी शादी कर ली है। उसने बताया कि वह काम की तलाश में सतना आई थी। करीब 15 दिन पहले सिंधी कैंप से दो युवक उसे स्थायी काम दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए।

### बंधक बनाकर मारपीट का आरोप

पीड़िता ने आरोप लगाया कि दोनों युवक उसे एक घर में ले गए, जहां उसे बंधक बनाकर रखा गया। वहां एक महिला भी रहती थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। सोमवार को आरोपियों ने उसके हाथ-पैर और मुंह बांधकर कैमा रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दिया और फरार हो गए। पीड़िता ने अपने साथ यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया है। इस मामले की जांच जारी है।

### पुलिस कर रही हर पहलू की जांच

कोलगवां पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें आरोपियों और उस मकान की तलाश कर रही हैं, जहां उसे रखा गया था। साथ ही मैहर पुलिस की मदद से पीड़िता की पहचान और उसके बताए तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है।

### एसपी बोले- हर तथ्य की होगी तस्दीक

सतना के पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस पीड़िता के परिजनों से संपर्क करने के साथ-साथ घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## अब बिजलीघर और पुल उड़ाएंगे : ट्रम्प

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसके साथ ही ईरानी बंदरगाहों की समुद्री नाकेबंदी भी शुरू कर दी है। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए की जा रही है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, हम मंगलवार रात भी हमला करेंगे, उसके अगले दिन भी करेंगे। अगले हफ्ते ईरान के बिजलीघर और पुल भी निशाने पर होंगे। अगर समझौता नहीं किया, तो वहां कुछ नहीं बचेगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक ईरान बातचीत के लिए तैयार नहीं हो जाता। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर जमीनी सैन्य अभियान भी चलाया जा सकता है, हालांकि इसके लिए सहयोगी देशों की मदद ली जा सकती है।

**आईआरजीएस का व्यापारिक जहाजों पर हमला:** ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो व्यापारिक जहाजों पर हमला किया। इसमें 1 भारतीय शख्स की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हुए। जहाज पर कुल 20 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे।

**भारत ने ईरानी राजदूत को तलब किया:** भारत ने होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया।

## खबर एक नजर...

### पुष्य नक्षत्र पर धन्वंतरि आयुर्वेद में आज लगेगा विशेष स्वर्णप्राशन शिविर

**उज्जैन।** पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर आज 15 जुलाई को फ्रीगंज के कुशाभाऊ ठाकरे कॉम्प्लेक्स स्थित धन्वंतरि आयुर्वेद में विशेष स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों के परामर्श के साथ स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद के अनुसार स्वर्णप्राशन बच्चों के संपूर्ण शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसके सेवन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ती है। साथ ही पाचन शक्ति बेहतर होने से बच्चों का बार-बार होने वाले सर्दी, खांसी और अन्य संक्रमण से भी बचाव होता है। आयोजकों ने बताया कि शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से रात 7 बजे तक रहेगा। अभिभावक मोबाइल नंबर 9174611211 पर संपर्क कर इस शिविर के लिए अग्रिम पंजीकरण करा सकते हैं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गांधी उद्यान में रोपे 11 पौधे

**उज्जैन।** राष्ट्रीय युवा फोरम द्वारा गांधी उद्यान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 11 पौधे रोपे गए। फोरम के महामंत्री नंदकिशोर बैरागी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उद्यान परिसर में नीम, पीपल, जामुन और बेलपत्र के पौधे लगाए गए हैं। वृक्षारोपण के इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक देवड़ा, पत्रकार महेंद्र सिंह बैस, शिक्षाविद उदयन पारीक, नवयुवक मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, मौनिल अग्रवाल, संस्कार बैरागी, आनंद शराफ और दीपेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पर्यावरण महोत्सव में 60 दंपतियों ने किया पौधरोपण और लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान बनाने के उद्देश्य से जैन सोशल ग्रुप समन्वय ने पर्यावरण महोत्सव मनाया। इसके तहत आयोजित मिलन समारोह में 60 से अधिक दंपति सदस्यों ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पर्यावरण व स्वास्थ्य पर आधारित गोला फेंक, हरियाली हाउजी और पर्यावरण प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने प्रकृति की रक्षा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सचिव आशीष नांदेचा ने कचरा पृथक्करण और पुनर्चक्रण को पारिवारिक स्तर पर अपनाने की बात कही।

पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र बापना ने प्लास्टिक के उपयोग को न्यूनतम कर कपड़े व पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की। पूर्व अध्यक्ष विजय बम्बोरी ने वायु प्रदूषण और ईंधन की खपत कम करने के लिए सदस्यों से सप्ताह में एक दिन निजी वाहन का उपयोग न करने का आग्रह किया। पूर्व अध्यक्ष महेंद्र मारू और कमलेश जैन ने कार्बन उत्सर्जन रोकने और पर्यावरण संतुलन के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। अंत में सभी सदस्यों ने जल संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### इंद्रा त्रिवेदी बनीं लायंस क्लब उज्जैन विंग की अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन विंग की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का अधिष्ठापन और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन इंद्रा त्रिवेदी, सचिव लायन प्रीति शर्मा और कोषाध्यक्ष लायन अनीता गुप्ता ने अपने पद की शपथ ली। मुख्य अतिथि पीडीजी लायन भगवानदास एरन ने सभी पदाधिकारियों को सेवा, समर्पण और निष्ठा के साथ दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायन वीरबाला कासलीवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एमजेएफ लायन डॉ. अजय गुप्ता, आरसी लायन दिनेश राठौर और लायंस ऑफ उज्जैन लायन डॉ. गौतम शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत लायन अनिता गुप्ता की ध्वज वंदना के साथ हुई। शपथ अधिकारी का परिचय लायन रेखा गुप्ता ने दिया तथा संचालन एमजेएफ लायन अनिता गौड़ ने किया। संबोधन के दौरान अतिथियों ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन इंद्रा त्रिवेदी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी सत्र में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्लब की ओर से दो विशेष गतिविधियां भी की गईं। समारोह में लायन प्रेमलता सिरोलिया, लायन संध्या एरन, लायन राधा चौहान, लायन कांता बाठिया, लायन तरुणा जोशी, लायन निशा त्रिपाठी, लायन आभा बेठिकाना, ज्योति दीक्षित, लायन शीला व्यास और लायन विजय लक्ष्मी गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संत निरंकारी भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम संपन्न

## उज्जैन सहित 10 शहरों के 600 श्रद्धालु हुए शामिल, बच्चों ने नाटकों व प्रदर्शनी से दिया कल्याणकारी संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




संत निरंकारी मंडल जोन 25 की उज्जैन ब्रांच के तत्वावधान में पंवासा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समागम में उज्जैन के अलावा रतलाम, मेघनगर, पेटलावद, करवड़, नीमच, मंदसौर, देवास, नागदा, मनासा और खड़ावदा के करीब 500 से 600 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। बाल इंग्लिश मीडियम समागम में गीत, भजन, कविताओं और लघु नाटकों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लगाई गई भव्य निरंकारी बाल प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल और चित्रों के जरिए मिशन के कल्याणकारी संदेश को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। यह आयोजन मुख्य रूप से निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की उस सोच पर आधारित था, जिसके तहत वे बच्चों और युवाओं को श्रेष्ठ संस्कार दे रही हैं ताकि आने वाली पीढ़ी परिवार और देश का नाम रोशन कर सके।

समागम में कटनी से आईं जागृति वाधवा ने बच्चों से अंग्रेजी में विचार-विमर्श किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि परमात्मा ने हमें शरीर रूपी अमूल्य दात दी है। हमें हाथ, कान, मुख और आंखों का सदुपयोग करना चाहिए। यदि हम इन्हें व्यर्थ के कामों या नींद में गंवा देंगे, तो जीवन का कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए हमें सतगुरु के संदेश को सुनना, उस पर विचार करना और ज्ञान का सही उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में बड़े महात्माओं ने भी अंग्रेजी में अपने विचार रखे, जबकि छोटे बच्चों ने नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दीं। समागम के दौरान सेवादल के सदस्यों ने लंगर और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं को संभालने में अहम भूमिका निभाई। बच्चों की निस्वार्थ सेवा से प्रसन्न होकर सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में उज्जैन ब्रांच के मुखी त्रिलोक बेलानी ने अंग्रेजी में अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित संतों व सभी श्रद्धालुओं का आभार माना।

### पश्चिम बंगाल के पुजारियों का बंद वेतन फिर शुरू करने की मांग

उज्जैन। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पुजारियों का वेतन बंद किए जाने पर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने चिंता व्यक्त की है। महासंघ ने महाकाल दर्शन करने आए पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य एवं शहरी विकास राज्यमंत्री उमेश राय से पुजारियों का वेतन पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने राज्यमंत्री उमेश राय का आत्मीय स्वागत किया। उन्हें भगवान महाकाल का प्रसाद और भस्म भेंट कर प्रदेश के पुजारियों की ओर से यशस्वी कार्यकाल का आशीर्वाद दिया। इस दौरान महेश पुजारी ने मंत्री को बंगाल के पुजारियों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सनातन धर्म के मंदिरों के पुजारियों का वेतन बंद करना अनुचित है। आर्थिक संकट के कारण पुजारियों को भगवान की सेवा, पूजा, भोग और आरती के साथ-साथ अपने परिवार का पालन-पोषण करने में भारी परेशानी हो रही है।

### यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का माली समाज ने किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नवनियुक्त उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी का माली समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। संत लिखमीदास शिक्षण समिति की साधारण सभा में समाजजनों ने उन्हें साफा, शॉल, श्रीफल और संत लिखमीदास की प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, माली समाज के संरक्षक शिवनारायण जागीरदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष ओम हारोड, पार्षद सपना सांखला और पूर्व पार्षद कुंदन माली उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष लालाराम गहलोत ने की। आयोजन की शुरूआत अतिथियों द्वारा संत लिखमीदास के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद समिति सचिव अशोक देवड़ा ने संस्था का वार्षिक विवरण और आय-व्यय प्रस्तुत किया। समिति की कार्यकारिणी द्वारा अतिथियों का सत्कार किया गया जिसके पश्चात यूडीए अध्यक्ष का मुख्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र सांखला, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक किशोर भाटी, समाज के पूर्व अध्यक्ष लीलाधर भाटी, पत्रकार गजानंद रामी, नागुलाल माली, शैलेंद्र गहलोत, सुरेश सोनगरा, अर्जुन माली, प्रेम मारोठिया, रमेश गहलोत, कमल सांखला, सत्यनारायण तंवर, प्रवेश भाटी, राजेश सांखला, अशोक पवार, विनोद चौहान, अशोक बागड़ी, एडवोकेट बाबूलाल मारोठिया, प्रेमचंद गहलोत, प्रवीण गहलोत, अशोक सांखला, कालू भैया और हुक्मा पहलवान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# ज्ञानोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पर कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहने का आरोप

## वेतन और नियमितीकरण मांगने पर भड़कीं प्राचार्य

### विभिन्न संगठनों ने पुलिस कंट्रोल रूम और अजाक्स थाने का किया घेराव

### प्रभारी प्राचार्य को तत्काल हटाने और एट्रोसिटी एक्ट में केस दर्ज करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय लालपुर की प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहकर प्रतिदिन अपमानित करने का गंभीर आरोप लगा है। कर्मचारियों द्वारा अपने अधिकारों की मांग करने पर यह विवाद शुरू हुआ। घटना के विरोध में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ सहित कई दलित व सामाजिक संगठनों ने पुलिस कंट्रोल रूम और अजाक्स थाने का घेराव कर एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों का आरोप है कि जब उन्होंने कलेक्टर दर से वेतन देने, ईपीएफ राशि की कटौती करने और 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके पुराने कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार विनियमित कर नियमित वेतनमान देने की मांग की, तो प्रभारी प्राचार्य संध्या शर्मा भड़क गईं। कर्मचारियों के अनुसार विरोध करने पर प्रभारी प्राचार्य ने उन्हें भंगी, चमार, बलाई जैसे जातिसूचक शब्द कहे और धमकाते हुए कहा कि आप मेरा क्या कर लोगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे संगठनों का आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य के अभद्र व्यवहार और प्रतिदिन के अपमान से कर्मचारी भारी मानसिक दबाव में हैं। यदि प्रताड़ना के चलते कोई कर्मचारी आत्महत्या जैसा कदम उठाता है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संध्या शर्मा की होगी। संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभारी प्राचार्य को तत्काल पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए। एडिशनल एसपी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### डॉ. केतन सिलवरिया बने रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सिंहस्थ में महत्वपूर्ण होगा सीपीआर प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रोटरी क्लब उज्जैन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। समारोह में डॉ. केतन सिलवरिया ने अध्यक्ष और सुरेश शर्मा ने सचिव पद की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 3040 के डीजीएन सुखदेव सिंह घुम्मन और शपथ अधिकारी डीजीई मुकेश साहू मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. रजत महादिक को रोटरी पिन लगाकर नए सदस्य के रूप में क्लब में शामिल किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह घुम्मन ने क्लब द्वारा चलाए जा रहे अंकुर प्रोजेक्ट, एक पौधा मां के नाम और सीपीआर प्रशिक्षण जैसे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने एक भावुक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं सीपीआर की वजह से ही जीवित हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में सीपीआर प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगा। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. सिलवरिया ने नए सत्र की कार्ययोजना पेश करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और रोटरी ब्लड बैंक के लिए वैन की व्यवस्था उनकी प्राथमिकता रहेगी। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे ने स्वागत भाषण देते हुए अपने कार्यकाल के प्रमुख कार्यों, जैसे रक्तदान, अक्षर पोथी, नेकी की दीवार आदि की जानकारी दी और श्रेष्ठ कार्य करने वाले सहयोगियों को सम्मानित किया।

# पुजारियों के अपमान पर भड़की महाकाल सेना, शांति स्वरूपानंद को पद से हटाने की मांग

### मेटल डिटेक्टर से जांच और बिना जेब वाले कुर्ते के बयान का किया था समर्थन, स्वामी परमानंद को लिखा पत्र, दी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुजारियों के पहनावे और जांच को लेकर दिए गए विवादित बयान पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। महाकाल सेना ने चार धाम के प्रमुख शांति स्वरूपानंद पर पुजारियों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। इस संबंध में महाकाल सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री किशन पांडेय ने स्वामी परमानंद को पत्र लिखकर कार्रवाई का आग्रह किया है। महाकाल सेना का आरोप है कि पिछले दिनों निरंजनी अखाड़े में स्वयं को अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष बताने वाले एक कथित संत ने बैठक बुलाई थी। अयोध्या के चौरी कांड को दबाने के उद्देश्य से बुलाई गई इस बैठक में पुजारियों और ब्राह्मणों पर बेवजह आरोप लगाए गए। साथ ही शासन-प्रशासन को सुझाव दिया गया कि पुजारियों के कुर्ते में जेब नहीं होनी चाहिए। सेना का आरोप है कि स्वयं को महामंडलेश्वर बताने वाले शांति स्वरूपानंद ने भी इस बयान का समर्थन किया। उन्होंने पुजारियों की मेटल डिटेक्टर से चेकिंग करने और बिना जेब वाले कुर्ते पहनने की वकालत कर पुजारियों के सम्मान को ठेस पहुंचाई है।

### कार्रवाई नहीं होने पर करेंगे उग्र विरोध

संगठन मंत्री किशन पांडेय ने पत्र में कहा है कि शांति स्वरूपानंद के इस कृत्य से देशभर के पुजारियों में भारी आक्रोश है और इससे चार धाम की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। भविष्य में संस्था और स्वामी परमानंद की बदनामी न हो, इसलिए शांति स्वरूपानंद को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए। महाकाल सेना ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें नहीं हटाया गया, तो संगठन उनके खिलाफ उग्र विरोध करेगा और राज्य सरकार से चार धाम का सरकारीकरण करने की मांग करेगा।

# जैन यूनिटी फोरम ने की पंच तीर्थ यात्रा, मोहनखेड़ा और कोटेश्वर महादेव के किए दर्शन

### अमीझरा पार्श्वनाथ पेढ़ी ने किया पदाधिकारियों का सम्मान, यात्रा मार्ग में हुए मनोरंजक आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जैन यूनिटी फोरम द्वारा संस्थापक मनोज सुराणा के नेतृत्व में एक दिवसीय पंच तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने मोहनखेड़ा, अमीझरा पार्श्वनाथ, बिड़वाल चिंतामणि पार्श्वनाथ, भोपावर शांतिनाथ, शीतलनाथ, कांच मंदिर, अभ्युदुम पार्श्वनाथ और कोटेश्वर महादेव की यात्रा की। यात्रा का संयोजक नवीन कोठारी और राजेश सोनी को बनाया गया था।

यात्रा के दौरान अमीझरा पार्श्वनाथ में पेढ़ी द्वारा जैन यूनिटी फोरम और अरिहंत मुस्कान के सभी पदाधिकारियों का बहुमान किया गया। यहां सभी ने सेवा, दर्शन, पूजन और भक्ति की। अनिल तारा जैन ने आरती और नितेश जया नाहटा ने मंगल दीपक की बोली का लाभ लिया। इसके साथ ही मनोज अंजू सुराणा, ललित मनीषा कोठारी, प्रमोद पटवा, वीरेंद्र जुली गोलेछा, नवीन शीतल कोठारी, महेश मधु घूघरिया, संतोष तारा सालेचा, संजय नीलू गिरिया, राजेश अनीता सोनी, लोकेश इंद्रा जैन और रमेश पुखराज चोपड़ा ने भी मंदिर में दर्शन-पूजन कर विभिन्न लाभ लिए।

सभी यात्रियों ने कोटेश्वर महादेव पहुंचकर शिव जयकारों के बीच भगवान का जलाभिषेक किया। यात्रा मार्ग में हावूजी मनोरंजक गेम भी खिलाए गए। मनोज अंजू सुराणा द्वारा सरप्राइज गिफ्ट प्रदान किए गए। नीलू संजय गिरिया की ओर से नाश्ता कराया गया तथा नवीन शीतल कोठारी द्वारा मावा आइसक्रीम से यात्रियों का स्वागत किया गया। जानकारी ग्रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।

# बड़ा उदासीन अखाड़े में संपत्तियों की बंदरबांट, रजिस्ट्रार ने लेन-देन पर लगाई रोक

## महंतों की शिकायत पर कार्रवाई, इंदौर गेट स्थित संपत्तियों को नियम विरुद्ध पट्टे पर देने का आरोप

### अखाड़ा परिषद भी करेगा हस्तक्षेप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा में चल रहे आंतरिक विवाद के बीच उज्जैन स्थित संपत्तियों को नियम विरुद्ध लीज और पट्टे पर देने का मामला सामने आया है। अखाड़े के महंत रघुमुनि महाराज सहित अन्य महंतों की शिकायत पर रजिस्ट्रार सोसाइटीज ने अखाड़े के लेन-देन पर रोक लगा दी है। आरोप है कि अखाड़े के भूरी का अड्डा इंदौर गेट स्थित कई संपत्तियों को अनधिकृत रूप से पट्टे पर देकर मोटी कमाई की जा रही है।

अखाड़े के संतों का आरोप है कि स्वयंभू मुखिया महंत दुगार्दास ने न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए 9 जुलाई 2026 को कांचीपुरम में अवैध कार्यकारिणी की बैठक की। इसमें जबरन उत्तर पंगत के मुखिया महंत का चुनाव कर लिया गया और विरोध करने वाले पांच महंतों को निष्कासित करने का फरमान जारी कर दिया गया। संतों के अनुसार अखाड़े की नियमावली में किसी महंत को आजीवन बहिष्कृत करने का कोई प्रावधान ही नहीं है।

दुगार्दास द्वारा धन के कथित दुरुपयोग को देखते हुए रजिस्ट्रार सोसाइटीज एवं चिट्स ने 9 सितंबर 2024 को अखाड़े के सभी आश्रमों के खातों की जांच के आदेश दिए थे। जांच में सहयोग न करने पर रजिस्ट्रार ने 23 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर अखाड़े के सभी लेन-देन प्रतिबंधित कर दिए हैं। वर्तमान में केवल अति आवश्यक खर्चों की ही अनुमति दी गई है।

प्रयागराज न्यायालय ने 23 मई 2023 को महंत रघुमुनि के निष्कासन को अवैध ठहराया था। वहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 8 अगस्त 2025 को दुगार्दास द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन को वैध नहीं माना है। संतों का आरोप है कि दुगार्दास ने 2025 के प्रयागराज कुंभ से पूर्व फर्जी तरीके से रामनवमी दास को मुखिया घोषित किया था, जबकि इस पद पर रघुमुनि महाराज के पक्ष में न्यायालय का स्टे है। इसके अलावा हरिद्वार में स्वर्गीय महंत निरंजन दास के 40 लाख रुपये के आभूषण गायब कर दिए गए। उनके खाते से 50 लाख रुपये निकालने का प्रयास भी किया गया, जिसे मैनेजर की सतर्कता से रोक लिया गया।

अखाड़े के नियमों के खिलाफ काम करने पर संपूर्ण भारत के उदासीन संत-महंतों ने बैठक कर महंत दुगार्दास, महंत अद्वैतानंद और महंत महेश्वरदास का सामाजिक बहिष्कार किया हुआ है। इन्हें अखाड़े के किसी भी मंदिर या आश्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं है। आरोप है कि दुगार्दास और उनके सहयोगी आश्रमों से अवैध वसूली कर रहे हैं। बड़ा उदासीन अखाड़े के मुखिया महंत रघुमुनि महाराज ने बताया कि अखाड़े की परंपराओं के विपरीत कार्य होने पर संपत्तियों को बचाने के लिए न्यायालय सहित अन्य स्थानों पर शिकायत की गई है। वहीं, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि उन्हें भी बड़ा उदासीन अखाड़े की ओर से शिकायत मिली है।

### भोपाल से निर्देश मिलते ही रात 12 बजे भी जारी करेंगे पदोन्नति के आदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग को लेकर मंगलवार को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह से चर्चा के दौरान पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ जल्द देने की मांग रखी।

ज्ञापन लेने के बाद संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की जानकारी तैयार कर सूची भोपाल भेज दी गई है। प्रशासन भी नहीं चाहता कि कर्मचारियों का किसी भी प्रकार का नुकसान हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भोपाल से निर्देश प्राप्त होते ही बिना किसी देरी के पदोन्नति के आदेश तत्काल प्रसारित कर दिए जाएंगे, भले ही इसके लिए रात के 12 क्यों न बज जाएं।

# सिंहस्थ 2028 से पहले नदी संरक्षण की मांग, 21 जुलाई से मालवा में चलेगा हस्ताक्षर अभियान

### शिप्रा और चंबल संरक्षण की गूंज अब विधानसभा व संसद में, हजारों हस्ताक्षरों के साथ पेश होंगी जन याचिकाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मानसून सत्र में मध्य प्रदेश विधानसभा और संसद में मालवा के हजारों निवासियों के हस्ताक्षर के साथ जन याचिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी। यह याचिकाएं शिप्रा और चंबल नदियों के संरक्षण की मांग को लेकर दायर की जा रही हैं।

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित ने बताया कि उज्जैन सिंहस्थ 2028 से पूर्व शिप्रा और चंबल के माध्यम से यमुना और गंगा नदी के संरक्षण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 2012 में राज्य सरकार ने लिखित वचन दिया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक शिप्रा का सीमांकन कर दोनों किनारों पर पौधारोपण और भूजल संरक्षण के लिए नदी तल में कुएं खोदने की मांग पूरी नहीं हुई है। जन याचिकाओं के माध्यम से इन मांगों के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया जाएगा। साथ ही यह मांग भी की जाएगी कि केंद्र और राज्य सरकार नदी संरक्षण योजना को मनरेगा में परिवर्तित कर तत्काल प्रभाव से शुरू करे। नदियों के संरक्षण की इस मुहिम के लिए 21 जुलाई से एक सप्ताह तक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए उज्जैन नगर का प्रभारी अधिवक्ता जगदेव राव माहुरकर और नागदा नगर का प्रभारी अधिवक्ता अमित रघुवंशी को नियुक्त किया गया है। मालव रक्षा अनुष्ठान ने मालवा अंचल के नागरिकों से इस हस्ताक्षर अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### भोजशाला:हाई कोर्ट के फैसले पर रोक से इनकार, जुमे की नमाज पर निर्देश जारी

**इंदौर।** धार के भोजशाला-कमाल मौला परिसर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी करते हुए मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के फैसले पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, मुस्लिम पक्ष की सुविधा को देखते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए कि वह भोजशाला परिसर से सटी किसी उपयुक्त खुली जमीन पर हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच जुमे की नमाज की व्यवस्था सुनिश्चित करे। यह व्यवस्था अंतिम फैसला आने तक अंतरिम रूप से लागू रहेगी और इससे किसी भी पक्ष के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की उन अपीलों पर सुनवाई की, जिनमें हाई कोर्ट के 15 मई 2026 के फैसले को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में भोजशाला को देवी वाग्देवी (मां सरस्वती) का मंदिर माना था और एएसआई के 2003 के उस आदेश को निरस्त कर दिया था, जिसके तहत परिसर में शुक्रवार को नमाज की अनुमति थी। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने हाई कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने और पहले की व्यवस्था बहाल करने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि फिलहाल यथास्थिति को पूरी तरह बदलना उचित नहीं होगा। इसके बजाय दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए नमाज के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

### प्रभु नगर में युवती से लूट के बाद जबरदस्ती की कोशिश, युवक ने बचाया

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र में रहने वाले दीपक राठौर जॉब से घर लौट रही युवती को बचाने में बदमाशों से भिड़ गए। तीन बदमाशों ने युवती को अकेला पाकर लूट की फिर युवती से जबरदस्ती करने लगे। घर की बालकनी में खड़े दीपक ने जब यह देखा तो वे बदमाशों से भिड़ गए। उन्होंने तीनों बदमाशों से हाथापाई की तो आरोपी वहां से फरार हो गए। दीपक ने पुलिस को सूचना दी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना सोमवार रात प्रभु नगर में रेलवे पटरी के पास हुई। युवती कपड़ा शोरूम में काम करती है। वह रात 9 बजे खाली मैदान से होते हुए रेलवे पटरी पार कर घर जा रही थी। तभी यह घटना हो गई। जब दीपक राठौर बदमाशों से भिड़ रहे थे तो दीपक को लड़ते देख एक महिला भी वहां पहुंच गई। इसके बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए। फुटेज में ई-रिक्शा से आते हुए दिखे बदमाश दीपक ने बताया, बदमाशों के फरार होने के बाद मैंने अपनी बिल्डिंग के कैमरे के फुटेज देखे, जिसमें बदमाश दो युवतियों का पीछा करते हुए दिखाई दे रहे थे। एक युवती कॉलोनी में गई तो दूसरी पटरी की ओर जाने लगी। बदमाश उसी के पीछे लग गए थे। मैंने रहवासियों को सूचना दी। सभी ने पुलिस को बुलाया और घटना बताई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के फुटेज चेक किए तो बदमाश ई-रिक्शा से आते दिखाई दिए।

### गैस सिलेंडर से निकला पानी, शिकायत लेकर सिलेंडर सहित कलेक्टर की जनसुनवाई पहुंचा

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। एक उपभोक्ता घरेलू गैस सिलेंडर में गैस की जगह पानी निकलने की शिकायत लेकर सिलेंडर सहित कलेक्टर कार्यालय पहुंच गया। हालांकि सुरक्षा कारणों से उसे सिलेंडर लेकर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। पीड़ित राजेंद्र सिंह करोले ने बताया कि उन्हें 2 जून को शिव छाया गैस एजेंसी से घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी मिली थी। घर पर सिलेंडर का उपयोग शुरू करने के बाद पता चला कि उसमें गैस की बजाय पानी निकल रहा है। उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत गैस एजेंसी को की, लेकिन एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। राजेंद्र सिंह का आरोप है कि गैस एजेंसी की ओर से उन्हें केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन न तो सिलेंडर बदला गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। लगातार अनदेखी से परेशान होकर वे अपनी शिकायत सीधे कलेक्टर के समक्ष रखने जनसुनवाई में पहुंचे थे। हालांकि कलेक्टर कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था के चलते गार्डों ने उन्हें गैस सिलेंडर के साथ अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। इसके पूर्व उन्होंने बाहर सिलेंडर से पानी कैसा निकल रहा है, यह भी बताया।

### 9 करोड़ के इंजेक्शनः मां का आरोप- दिल्ली के पुलिसकर्मी-यूट्यूबर ने मदद रुकवाई

**इंदौर।** इंदौर की साढ़े तीन साल की अनिका शर्मा स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी जैसी दुर्लभ बीमारी से जूझ रही है। उसके इलाज के लिए अमेरिका से मंगाए जाने वाले करीब 9 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत है। क्राउड फंडिंग और समाज के सहयोग से परिवार अब तक करीब 8.23 करोड़ रुपए जुटा चुका है। मंगलवार को अनिका के माता-पिता इंदौर क्राइम ब्रांच पहुंचे और एक दिल्ली पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। बच्ची की मां सरिता शर्मा ने बताया कि इलाज के लिए शेष एक करोड़ रुपए जुटाने के उद्देश्य से वे दिल्ली में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स से मदद मांगने गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस में पदस्थ विक्रांत चौहान, जो सोशल मीडिया पर 'पुलिस वाला इंसान' नाम से अकाउंट चलाते हैं, ने अनिका, उसके माता-पिता और फंड जुटाने वाले लोगों को लेकर बिना अनुमति भ्रामक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

---

### आईएएस वर्मा और जज रावत के बीच 140 बार बातचीत, माचल रिजॉर्ट पर हुई थी मुलाकात

# फर्जी जमानत कांड में एसआईटी चार्जशीट में अहम दावे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर का चर्चित आईएएस संतोष वर्मा केस एक बार फिर सुर्खियों में है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत को विभागीय कार्रवाई से राहत देने से इनकार किए जाने के बाद एसआईटी की चार्जशीट में दर्ज कई दावे फिर चर्चा का विषय बन गए हैं।

चार्जशीट में दोनों के बीच करीब 140 बार मोबाइल पर बातचीत, ग्रैंड माचल रिजॉर्ट में मुलाकात और आदेश की कॉपी रात में सौंपने जैसे घटनाक्रम का जिक्र किया गया है। हालांकि, मामले का अंतिम फैसला अभी अदालत में लंबित है। विभागीय कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस और आरोप पत्र को चुनौती दी थी

विजेंद्र सिंह रावत ने अपने खिलाफ जारी विभागीय कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस और आरोप पत्र को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। उनका कहना था कि वर्ष 2020 की कथित घटना के करीब पांच साल बाद विभागीय कार्रवाई शुरू की गई, इसलिए इसे रद्द किया जाए। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि आपराधिक मामला लंबित होने के दौरान विभागीय जांच नहीं होना चाहिए।

हाई कोर्ट की युगलपीठ ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने कहा कि केवल देरी, विभागीय कार्रवाई समाप्त करने का आधार नहीं हो सकती और याचिका खारिज कर दी।

चार्जशीट में 140 कॉल और



#### आदेश की कॉपी रात में सौंपने का भी दावा

चार्जशीट के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2020 को कोर्ट के आदेश की कॉपी तैयार हुई, उसी रात करीब 9 बजे आईएएस संतोष वर्मा को उनके निवास के पास इसकी कॉपी दी गई। अगले दिन 8 अक्टूबर को वे सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी), भोपाल पहुंचे और संबंधित आवेदन लगाया। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि बाद में आदेश की कॉपी संबंधित अधिकारियों और अभियोजन पक्ष को भी भेजी गईं।

#### महिला की शिकायत के बाद बढ़ा मामला

एसआईटी के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद संबंधित महिला ने 9 नवंबर 2020 को कोर्ट की विजिलेंस शाखा और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सामने शिकायत दर्ज कराई। बाद में आरटीआई के माध्यम से भी जानकारी मांगी गई। इसके बाद कथित फर्जी जजमेंट तैयार होने की शिकायत एमजी रोड थाने में दर्ज हुई। मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई।

मुलाकात का दावा- एसआईटी की चार्जशीट के अनुसार, वर्ष 2020 में आईएएस संतोष वर्मा और तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत के बीच करीब 140 बार मोबाइल फोन पर बातचीत हुई। जांच एजेंसी का दावा है कि इन संपर्कों के बाद मामले से जुड़ी प्रशासनिक और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आई। चार्जशीट में यह भी दावा किया गया है कि 6 अक्टूबर 2020 को दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसके बाद वे ग्रैंड माचल रिजॉर्ट में मिले। एसआईटी ने इस मुलाकात को जांच का अहम हिस्सा बताया है।

**मामला अभी अदालत में विचाराधीन-** एसआईटी ने जांच पूरी कर आईएएस संतोष वर्मा और विजेंद्र सिंह रावत को आरोपी मानते हुए कोर्ट में चार्जशीट पेश की है। हाई कोर्ट द्वारा विभागीय कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार किए जाने के बाद विभागीय जांच आगे बढ़ने की संभावना है। हालांकि, चार्जशीट में दर्ज सभी तथ्य और दावे अभी न्यायिक परीक्षण के अधीन हैं। मामले का अंतिम निर्णय संबंधित अदालत द्वारा ही किया जाएगा।

---

### सट्टा कनेक्शन में नाना पटवारी के तीन साथी रडार पर

# पूछताछ से पहले ही हुए फरार, बीजेपी नेत्री के पति से लेन-देन का भी मिला रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एमडी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों से पूछताछ के दौरान सामने आए सुरागों के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पुलिस जांच में नाना के मोबाइल से दो ऑनलाइन सट्टा एप और तीन संदिग्ध लोगों की जानकारी मिलने के बाद अब राजेंद्र नगर पुलिस इन लोगों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार नाना से जुड़े सभी संदिग्ध फिलहाल फरार हैं।

डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि नाना के मोबाइल की जांच में ऑनलाइन सट्टे से जुड़े दो एप मिले हैं। इनके आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई है। पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक कोई भी आरोपी अपने ठिकानों पर नहीं मिला है।



#### नाना के खिलाफ 10 आपराधिक मामले दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, नाना पटवारी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उन पर करीब सात साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में फरार रहने का आरोप था।

#### जमीन कब्जाने के मामले में हुई थी एफआईआर

साल 2025 में इंदौर के तेजाजी नगर थाने में नाना पटवारी और उनके दो सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता नरेंद्र मेहता ने आरोप लगाया था कि उनकी जमीन पर धोखे से कब्जा करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

**पूछताछ के लिए नोटिस देने पहुंची पुलिस-** राजेंद्र नगर थाना पुलिस बुधवार को पूछताछ के लिए नाना पटवारी और उसके साथी सुमित मंत्री को नोटिस देने उनके ठिकानों पर पहुंची थी, लेकिन दोनों नहीं मिले। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि दोनों को जल्द थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

**बीजेपी नेत्री के पति के लेन-देन की भी जांच-** पुलिस सूत्रों के मुताबिक नाना पटवारी के मोबाइल से एक बीजेपी नेत्री के पति से जुड़े कथित सट्टे के हिसाब-किताब और लेन-देन के डिजिटल रिकॉर्ड भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से पैसों का लेन-देन होता रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस जानकारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

सूत्रों के अनुसार संबंधित व्यक्ति का नाम पहले भी बड़े क्रिकेट सट्टा नेटवर्क से जुड़ चुका है। पुलिस का कहना है कि मोबाइल डेटा और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

---

# इंदौर जिला अस्पताल के 300 बिस्तरीय भवन का आज लोकार्पण

### 83 करोड़ से बना भवन, उद्घाटन कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मचारियों को बुलाने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को जिला चिकित्सालय के नए 300 बिस्तरीय भवन का लोकार्पण करेंगे। करीब 83 करोड़ रुपए की लागत से बने चार मंजिला भवन के शुरू होने से अस्पताल की इलाज क्षमता बढ़ेगी और मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

नए भवन में विभिन्न विभागों के लिए पर्याप्त जगह, मरीजों के लिए बेहतर वार्ड और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसके शुरू होने से इंदौर सहित आसपास के जिलों के मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।



**स्वास्थ्य कर्मचारियों को बुलाने के निर्देश-** सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इमरजेंसी स्टाफ को छोड़कर अपने-अपने क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को सुबह 11:30 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचाना सुनिश्चित करें। बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों को कार्यक्रम में बुलाने के कारण जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

---

### प्रॉपर्टी ब्रोकर का बिल्डिंग से गिरने का वीडियो

# होटल में हादसे से पहले मिलकर गए थे 3 दोस्त, दूसरे कमरे में थी महिला मित्र

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के अरबिंदो अस्पताल के पास स्थित श्याम पैलेस होटल में दूसरी मंजिल से गिरकर प्रॉपर्टी ब्रोकर जीतू साहू की हुई मौत का सीसीटीवी वीडियो मंगलवार को सामने आया है। रविवार अलसुबह हुई इस घटना में जीतू होटल की दूसरी मंजिल से गिरता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

जांच में सामने आया है कि हादसे से करीब 30 मिनट पहले जीतू से मिलने उसके तीन दोस्त होटल पहुंचे थे। तीनों रात करीब साढ़े तीन बजे होटल से चले गए थे। वहीं, एक महिला मित्र होटल के दूसरे कमरे में ठहरी हुई थी। पुलिस दोनों पहलुओं को जांच का हिस्सा बनाकर पूछताछ कर रही है।

**सुबह 4 बजे हुआ था हादसा-** बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 4 बजे जीतू साहू होटल की दूसरी मंजिल से गिर गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और होटल के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए। एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

**22 दिनों से होटल में रह रहा था-** पुलिस के अनुसार जीतू पिछले करीब 22 दिनों से होटल



में कमरा लेकर रह रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि वह शादीशुदा था। पुलिस यह पता लगा रही है कि वह इतने दिनों से होटल में क्यों रह रहा था और इसके पीछे क्या वजह थी। रुपए के लेन-देन समेत अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। परिवार और महिला मित्र से पूछताछ मंगलवार को पुलिस ने परिजनों को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया। महिला मित्र से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट की जाएंगी।

---

### रांची में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

# शतरंज चैंपियनशिप में चमके प्रदेश के खिलाड़ी



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रांची स्थित सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 में मध्य प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 437 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच मध्य प्रदेश के सात खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रभाव छोड़ा।

प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की ओर से अविक अग्रवाल, अयान केजरीवाल, राघव, अव्युक्त, सौरेन, दिव्यांशी और अंशिका ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों के बीच आत्मविश्वास, धैर्य और उत्कृष्ट रणनीति का परिचय देते हुए प्रतिस्पर्धा की।

**कड़े मुकाबलों में दिखाया दमखम-** राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों ने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मुकाबला करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की एकाग्रता, अनुशासन और खेल भावना ने दर्शकों एवं शतरंज विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया।

**प्रदेश में उभर रही नई शतरंज प्रतिभाएं-** मध्य प्रदेश के इन नन्हें खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित किया प्रदेश में शतरंज के क्षेत्र में प्रतिभाओं की नई पीढ़ी तेजी से उभर रही है। मध्य प्रदेश शतरंज संघ एवं एड-हॉक समिति ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। संघ ने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

---

### इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया

# शाइन डॉट कॉम पर नौकरी खोजी, 17 हजार की ठगी, डाबर में नौकरी का झांसा दिया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पेंट कंपनी में सिस्टम ऑपरेटर के रूप में काम करने वाले युवक से डाबर इंडिया लिमिटेड में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 17,800 रुपए ठग लिए गए। शिकायत के बाद हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस के मुताबिक स्वास्थ्य नगर



निवासी कार्तिक शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है। कार्तिक एक पेंट कंपनी में सिस्टम ऑपरेटर हैं और बेहतर नौकरी की तलाश में उन्होंने शाइन डॉट कॉम पर अपना प्रोफाइल बनाया था।

डाबर में नौकरी का दिया ऑफर

8 जुलाई को कार्तिक के पास एक मैसेज आया, जिसमें डाबर इंडिया लिमिटेड में असिस्टेंट मैनेजर (स्टोर एग्जीक्यूटिव) पद पर नौकरी का ऑफर दिया गया। साथ ही एक मोबाइल नंबर देकर संपर्क करने को कहा गया।

बातचीत के दौरान पहले वॉइस इंटरव्यू लिया गया। इसके बाद खुद को अहमदाबाद स्थित डाबर का सीनियर मैनेजर बताने वाले व्यक्ति से कॉल पर बात कराई गई। उसने कार्तिक को चयनित होने की जानकारी दी।

#### यूनिफॉर्म और ऑफर लेटर के नाम पर मांगे पैसे

आरोपियों ने पहले यूनिफॉर्म के नाम पर 2 हजार रुपए ऑनलाइन जमा कराए। इसके बाद जॉब कन्फर्मेशन लेटर जारी करने के लिए 15,800 रुपए और मांगे। कार्तिक ने दोनों रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी।

बाद में ऑफर लेटर और अन्य प्रक्रिया के नाम पर फिर पैसे मांगे गए। जब कार्तिक ने ऑफर लेटर के बारे में पूछा तो पोर्टल में तकनीकी खराबी का बहाना बनाया गया। इसके बाद आरोपियों ने 10 हजार रुपए और मांगे।

#### शक होने पर की शिकायत

लगातार पैसों की मांग होने पर कार्तिक को ठगी का शक हुआ। 11 जुलाई को उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद हीरानगर पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

# अंबिकापुर में बाल संप्रेक्षण गृह से 13 अपचारी बालक फिर फरार, पुराना दरवाजा तोड़कर भाग निकले

## पुलिस की टीमें बच्चों की तलाश में जुटी हैं, रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अंबिकापुर




अंबिकापुर के कन्या परिसर रोड बिशुनपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से मंगलवार रात 13 अपचारी बालक फिर भाग निकले। इस बार अपचारी बच्चों ने पुराने दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया और परिसर से बाहर निकलकर फरार हो गए। सूचना पर गांधीनगर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

आसपास के इलाकों में बच्चों की तलाश की जा रही है। फरार हुए सभी बच्चे अलग-अलग अपराधों में निरुद्ध किए गए थे। मंगलवार देर शाम पुराने दरवाजे को तोड़कर सभी एक साथ परिसर से बाहर आ गए। कुल 14 अपचारी बालक निकले थे,इनमें से एक को पकड़ लिया गया।

शेष सभी अहाता फांदकर भाग निकले। यह एक माह में बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के भागने की दूसरी घटना है। इससे पहले 23 जून को भी 13 अपचारी बालक बारिश के दौरान खिड़की तोड़कर फरार हो गए थे। इनमें से दो अपचारी बालक अब तक नहीं मिले हैं। फरवरी माह में भी अपचारी बालक यहां से भाग चुके हैं। पिछली घटना के बाद कलेक्टर अजीत वसंत और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। उन्होंने कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन निर्देशों के अनुरूप कोई ठोस काम नहीं हुआ। नतीजा यह रहा कि एक माह के भीतर ही दोबारा अपचारी बालक भागने में सफल हो गए।

पुलिस की टीमें बच्चों की तलाश में जुटी हैं। रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों के स्वजन को निर्देशित किया गया है कि यदि बच्चे उनके संपर्क में आए तो उन्हें बाल संप्रेक्षण गृह वापस लौटने प्रेरित करें। लगातार हो रही घटनाओं से बाल संप्रेक्षण गृह की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था कटघरे में है।

### रतलाम में आज से तीन दिन पटवारी नहीं करेंगे काम:

**रतलाम.** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर रतलाम जिले के पटवारी 15 से 17 जुलाई तक हड़ताल पर रहेंगे। संघ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि सात दिनों में समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। हड़ताल के दौरान राजस्व से जुड़े कई कार्य प्रभावित होने की संभावना है।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि प्रदेशभर के पटवारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। संगठन ने विभिन्न माध्यमों से शासन तक अपनी समस्याएं पहुंचाई हैं और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर समाधान की मांग की थी। इसके बावजूद अब तक न तो महाधिवेशन की तारीख तय हुई है और न ही लंबित मांगों पर कोई निर्णय लिया गया है। इसी के विरोध में रतलाम जिले के पटवारी 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सामूहिक रूप से काम बंद रखेंगे। संघ का कहना है कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को अगले चरण में ले जाया जाएगा।

हड़ताल की घोषणा से पहले पटवारी संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। संघ का कहना है कि लंबे समय से समस्याओं का समाधान नहीं होने से पटवारी संवर्ग खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। हड़ताल के चलते नामांतरण, सीमांकन, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र सहित राजस्व विभाग से जुड़े कई कार्य प्रभावित हो सकते हैं। आम लोगों को इन सेवाओं के लिए अतिरिक्त इंतजार करना पड़ सकता है।

# चलती ट्रेन में बेटे के जन्म के साथ गूंजी किलकारी, दोनों सुरक्षित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजनांदगांव







चलती ट्रेन में अचानक प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक गर्भवती महिला के लिए रेलवे सुरक्षा बल देवदूत बनकर सामने आया। आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे चिकित्सक की त्वरित कार्रवाई से महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया और मां व नवजात को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई। महिला ने बेटे को जन्म दिया। मंगलवार को गाड़ी संख्या 12771 सिकंदराबादझरायपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रही कबीरधाम पिपरिया निवासी 22 वर्षीय भारती पति जितेंद्र को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसकी सूचना नागपुर मंडल के सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से डोंगरगढ़ आरपीएफ पोस्ट को मिलते ही पूरी टीम सक्रिय हो गई

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक एसके वर्मा, रेलवे चिकित्सक तेजा, जीआरपी प्रभारी जया कुर्रे तथा उनकी टीम ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-तीन पर ट्रेन पहुंचते ही तत्काल मोर्चा संभाल लिया। महिला आरक्षक प्रतीक्षा भदोरिया और सफाई कर्मचारी चंदा बोरकर की मदद से महिला को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसी दौरान महिला ने ट्रेन के भीतर ही एक स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। इसके बाद मां और शिशु को प्राथमिक उपचार देने के साथ एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली भेजा गया, जहां दोनों को सुरक्षित भर्ती कराया गया। महिला के पति जितेंद्र भी इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे। रेलवे सुरक्षा बल की त्वरित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और मानवीय संवेदनशीलता के चलते समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सकी, जिससे मां और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। आरपीएफ ने एक बार फिर साबित किया कि वह केवल यात्रियों की सुरक्षा ही नहीं। बल्कि आपात परिस्थितियों में मानवीय सेवा और संवेदनशीलता के साथ सहायता पहुंचाने के अपने दायित्व का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रही है।

# राशन की बोरी से निकला जानवर का कंकाल और हड्डियां

## शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से मिलने वाले घटिया, कंकड़-पत्थर और घुन लगे अनाज की शिकायतें तो आम थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टीकमगढ़



गरीबों के निवाले पर सरकारी सिस्टम की लापरवाही और बेरहमी का एक बेहद घिनौना चेहरा सामने आया है। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से मिलने वाले घटिया, कंकड़-पत्थर और घुन लगे अनाज की शिकायतें तो आम थीं, लेकिन बुडेरा थाना क्षेत्र के ग्राम नन्ही टेहरी में जो हुआ, उसने पूरे प्रशासनिक अमले को हिलाकर रख दिया है। यहां राशन दुकान से बांटे गए गेहूं की एक बोरी में से किसी जानवर का पुराना सिर (खोपड़ी) और हड्डियां निकली हैं। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला खाद्य विभाग ने कार्रवाई कर दुकान को सील कर दिया है और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि यह पूरा मामला नन्ही टेहरी की महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित का है। ग्राम लक्ष्मणपुरा निवासी कोमल लोधी को 35 किलो और जागेश्वर लोधी को 15 किलो गेहूं मिलना था। राशन दुकान के सेल्समैन ने दोनों हितग्राहियों को अलग-अलग अनाज तौलने के बजाय 50 किलो की एक सील बंद बोरी थमा दी और कहा कि इसे घर ले जाकर आपस में बांट लें। दोनों ग्रामीण जब बोरी लेकर घर पहुंचे और उसे खोला, तो गेहूं के बीच किसी जानवर का कंकाल देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बोरी में अनाज के साथ एक सड़ा हुआ सिर और सूखी हड्डियां भरी हुई थीं।

डरे-सहमे दोनों ग्रामीण तुरंत उस बोरी को लेकर वापस राशन दुकान पहुंचे और सेल्समैन अखिलेश धतरा को इसकी जानकारी दी। सेल्समैन ने आनन-फानन में मामले को दबाने की कोशिश करते हुए बोरी अपने पास रख ली और उन्हें दूसरा गेहूं देने का लालच देकर घर भेज दिया। हालांकि तब तक यह बात पूरे गांव में फैल चुकी थी। लक्ष्मणपुरा निवासी गणेश लोधी की सूचना पर देर शाम बुड़ेरा थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गेहूं की बोरी और उसमें से मिली हड्डियों को अपने कब्जे में लेकर थाने में सुरक्षित रखवा लिया है।

### जानबूझकर जानवरों जैसा अनाज परोस रहा विभाग

नन्ही टेहरी निवासी हरि आदिवासी, राधे खंगार, सत्येंद्र यादव, फूलचंद पाल और धनीराम आदिवासी सहित दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि इस उचित मूल्य की दुकान पर लंबे समय से जानवरों के खाने लायक घटिया और बदबूदार अनाज बांटा जा रहा है। अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कभी कोई सुनवाई नहीं हुई। अब बोरी में से सीधे कंकाल निकलने से साफ है कि राशन के भंडारण और परिवहन में भारी लापरवाही बरती जा रही है।

ग्रामीण की सूचना पर हमने मौके पर जाकर जांच की है। गेहूं की बोरी से जानवर की हड्डियां बरामद हुई हैं, जिन्हें थाने में रखवा लिया गया है। फिलहाल खाद्य विभाग की तरफ से हमें कोई लिखित शिकायत या जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। विभाग का पत्र मिलते ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।– **बृजेंद्र सिंह घोषी, थाना प्रभारी, बुड़ेरा**

### भोपाल में एनएसयूआई नेता पर दुष्कर्म का मामला दर्ज, पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआइ के एक पदाधिकारी पर दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। हरदा जिले की मूल निवासी और भोपाल के एक कामकाजी महिला हास्टल में रहने वाली 23 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़िता भी एक संगठन से जुड़ी हुई है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को दिनभर सांगठनिक कार्यक्रम करने के बाद एनएसयूआई नेता (जिला महामंत्री) सुभाष यादव बैठक के बहाने युवती को रत्नागिरी स्थित एक फ्लैट पर ले गया। रात अधिक होने के कारण युवती हास्टल नहीं लौट सकी और फ्लैट पर ही रुक गई। आरोप है कि रात करीब 10:30 बजे सुभाष ने उसके साथ बदतमीजी की और विरोध करने पर मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि उसे शिकायत करने से रोकने के लिए संगठन के लोगों द्वारा घेराबंदी कर भारी दबाव बनाया जा रहा था। इस मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने खुदकुशी करने की कोशिश भी की। पिपलानी टीआई चंद्रिका यादव ने बताया कि आरोपित सुभाष यादव के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है.

## खबर एक नजर...

### जशपुर के पत्थलगांव में टोनही के संदेह में जेठ ने कर दी बहू की हत्या

**पत्थलगांव।** टोनही का आरोप लगा कर जेठ ने डंडे से पीट-पीट कर विधवा बहु की हत्या कर दी। हत्या के आरोपित जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पत्थलगाँव थाना क्षेत्र के डूंगरजोर गाँव की है। पत्थलगांव के एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने बताया कि डूंगरजोर निवासी आरोपित सुखसींग राठौर, सोमवार की सुबह, पड़ोस में रहने वाली नवीना राठौर के घर पहुंचा। उस पर जादू टोना करके अपने स्वजनों को मारने का आरोप लगाते हुए, झगड़ा करने लगा। मृतिका नवीना ने आरोपित का विरोध किया। इससे भड़के आरोपित सुखसींग ने पास में पड़े डंडे से महिला पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर में आए गंभीर चोट से नवीना राठौर की मौके पर ही मौत हो गई। टना की सूचना पर पत्थलगांव पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही, घटना को अंजाम देकर घर में छिपे हुए आरोपित सुखसींग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल का कहना है कि आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जाँच की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार आरोपित सुख सिंह राठौर के घर में बीते कुछ समय के दौरान उसकी माँ, भाई और नाती की बीमारी मौत हो गई थी। इन घटनाओ के लिए सुख सिंह, विधवा नवीना को जिम्मेदार ठहराता था और जादू टोना कर, सबको बीमार करने का आरोप लगाते हुए झगड़ा किया करता था।

### भोपाल में साइबर ठगी, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 73 हजार रुपये निकाले

**भोपाल।** बैरागढ़ इलाके में रहने वाले एक युवक से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठग ने करीब 73 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। आरोपित ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर पहले पीड़ित से खाते की पूरी जानकारी हासिल की और फिर ओटीपी हासिल कर खाते से रकम पार कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बैरागढ़ निवासी कमलेश चंदानी (34) के मोबाइल पर 10 जुलाई को एक अज्ञात नंबर से उं'' आया। उं'' करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा सकती है। बातचीत के दौरान आरोपित ने प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर कमलेश को भरोसे में लिया और खाते की जानकारी जुटा ली। इसी बीच कमलेश के मोबाइल पर एक ओटीपी आया। आरोपित ने उसे सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए ओटीपी पूछ लिया। जैसे ही कमलेश ने ओटीपी साझा किया, उनके बैंक खाते से करीब 73 हजार रुपये निकल गए खाते से रकम कटने का मैसेज मिलने पर उन्होंने तुरंत कॉलर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल नंबर बंद मिला। ठगी का एहसास होने पर धनपाल ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आलीराजपुर में बेटे ने पिता की पत्थर मारकर की हत्या

**आलीराजपुर/जोबट।** जोबट थाना क्षेत्र के ग्राम कंदा स्थित मसानिया फलिया में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आवेश में आए बेटे ने अपने ही पिता पर पत्थर से हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय रायसिंह मसानिया के रूप में हुई है, जबकि हत्या के आरोपित पुत्र वेस्ता मसानिया (38) को जोबट पुलिस ने घटना के कुछ ही समय बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पिता द्वारा बार-बार रोक-टोक किए जाने से बेटा नाराज रहता था। रविवार को भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आवेश में आए बेटे ने पिता पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

# एमपी में जुलाई में मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी, अब तक 7% बारिश कम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर थमने के बाद दिन का तापमान बढ़ गया है। कई शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री पार पहुंच गया है। इससे जुलाई में ही मार्च-अप्रैल जैसे मौसम का अहसास हो रहा है। अगले 5 दिन भारी बारिश होने का अनुमान कम है। ऐसे में पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक-प्रदेश में पिछले 6 दिन से भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। दिन में कई शहरों में बादल जरूर छा रहे हैं। इस वजह से प्रदेश के आधे से ज्यादा जिले में सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी (9.5) बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश के 260 मिमी (10.2) से 7% कम है। दूसरी ओर, प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग के जिलों में औसत से 21 प्रतिशत पानी कम गिरा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से यानी, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में औसत से 6% कम बारिश दर्ज की गई है।

**21 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार-** मौसम विभाग ने बुधवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, जून में कम बारिश हुई, लेकिन जुलाई की शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। हालांकि, पिछले 6 दिन से तेज बारिश नहीं होने से लगातार दो दिन से आंकड़ा माइनस में आ गया है। इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। जुलाई के महीने में ही प्रदेश में कोटे की 40 प्रतिशत तक बारिश होती है।

#### सबसे बड़ा खतरा यह था कि बाण निकालते समय मस्तिष्क की नसों, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता

# ग्वालियर के डॉक्टरों का कमाल... आंख से ब्रेन तक धंसा बाण, पांच घंटे चली सर्जरी, न गई रोशनी, न हुआ ब्रेन डैमेज

### डॉक्टर भी देखकर रह गए दंग, ग्वालियर के जेएएच ट्रामा सेंटर किया गया रेफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर



आंख के बाहरी हिस्से से प्रवेश कर मस्तिष्क तक धंसे पांच फीट लंबे त्रिशूलनुमा बाण (सेंगरी) से जरा-सी चूक में जान जाने का खतरा था। ऐसे मामले में न्यूरोसर्जरी और जनरल सर्जरी विभाग की संयुक्त टीम ने पांच घंटे लंबी जटिल सर्जरी कर 14 वर्षीय शिवम को नया जीवन दिया। राहत की बात यह रही कि न केवल बच्चे की जान बच गई, बल्कि उसकी आंखों की रोशनी और मस्तिष्क की कार्यक्षमता भी पूरी तरह सुरक्षित रही। इस तरह का यह पहला ऑपरेशन है।

छतरपुर जिले के किशनगढ़ (झरकुआ) गांव निवासी राकेश आदिवासी का बेटा शिवम अपने दोस्तों के साथ छत पर खेल रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे स्थित माता मंदिर के चबूतरे (थान) पर लगे त्रिशूलनुमा बाण पर जा गिरा। हादसे में बाण उसकी बाईं आंख के बाहरी हिस्से से प्रवेश कर ब्रेन को भेदते हुए फ्रंटल बोन तक पहुंच गया। वहीं दूसरा बाण उसके बाएं पैर में गहराई तक धंस गया। स्वजन 25 जून को शिवम को गंभीर अवस्था में जेएएच लेकर पहुंचे थे।

गंभीर रूप से घायल शिवम को पहले स्थानीय अस्पताल, फिर जिला अस्पताल छतरपुर और वहां से ग्वालियर के जेएएच ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जब डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में धंसा लंबा बाण देखा तो मामला बेहद चुनौतीपूर्ण नजर आया। सबसे बड़ा खतरा यह था कि बाण निकालते समय मस्तिष्क की नसों, आंख या प्रमुख रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंच सकता था। क्योंकि आंख से ब्रेन तक बाण पांच फीट धंसा था, वहीं पैर में तीन फीट। सर्जरी से पहले चिकित्सकों ने नॉन-कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन, सीटी एंजियोग्राफी, वेनोग्राफी, पैर का एक्स-रे और कलर डॉपलर जैसी जांचें कराईं। इनसे यह सुनिश्चित किया गया कि बाण किन संरचनाओं को प्रभावित कर रहा है और ऑपरेशन के दौरान किन जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

# दुष्कर्म और डकैती की वारदात, आरोपियों को फांसी देने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर/ बोरी

उदयगढ़ विकासखंड क्षेत्र में आदिवासी विधवा महिला के साथ हुए दुष्कर्म और डकैती के जघन्य मामले को लेकर सोमवार को बोरी बंद रहा। ग्रामीणों, कांग्रेसियों, जयस, आम आदमी पार्टी सहित आदिवासियों ने थाने का घेराव कर आरोपितों को फांसी की सजा, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और बच्चों को सरकारी नौकरी देने, साथ ही थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है। भाजपा के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान और सांसद अनिता चौहान भी पहुंचे और स्वजन से मुलाकात कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित पांच सदस्यीय जांच समिति ने घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इसके बाद बोरी थाने पहुंचकर ग्रामीणों के साथ घेराव में शामिल हुए।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह और कलेक्टर नीतू माथुर से अलग-अलग मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, पीड़ित परिवार के पुनर्वास और क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ, विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, विधायक झूमा सोलंकी तथा जोबट विधायक सेना महेश पटेल शामिल रहे।

### आरोप : सरकार ने पीड़ित परिवार की नहीं ली सुध

पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बाद तक प्रदेश सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार की सुध नहीं ली। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार मुद्दा उठाने, डा. विक्रांत भूरिया, सेना महेश पटेल और महेश पटेल द्वारा आवाज बुलंद करने के बाद ही सरकार सक्रिय दिखाई दी। डॉ. भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं गृह विभाग संभाल रहे हैं, लेकिन प्रदेश में महिलाओं, आदिवासियों और आम नागरिकों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

# 3 इडियट्स के 'चतुर' बोले-नहीं चाहता फुंसुख वांगडू मर जाएं



लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का आज यानी 14 जुलाई को 17वां दिन है। ठएएळ पेपर लीक मुद्दे पर कॉकरोच जनता पाटी जंतर-मंतर पर 20 जून से प्रदर्शन कर रही है। इसी में वांगचुक भी अनशन पर बैठे हैं।

वांगचुक की हड़ताल को लेकर बॉलीवुड के लोग उनके समर्थन में आए हैं। '3 इडियट्स' में चतुर रामलिंगम का किरदार निभा चुके ओमी वैद्य ने कहा, ह्य मैं नहीं चाहता कि यह इंसान मर जाए। मेरे लिए वह एक प्रेरणादायक व्यक्ति हैं। मैं चाहता हूं कि वह सुरक्षित रहें और जिंदा रहें। वहीं, एक्ट्रेस जीनत अमान ने एक पोस्ट में लिखा कि मैं वांगचुक की मांगों का सम्मान करती हूं। मेरी भारत सरकार से अपील है कि इस मुद्दे पर उनसे बातचीत करें। यह भारत के भविष्य से जुड़ा है।

## ओमी ने वीडियो जारी कर लोगों से ध्यान देने की अपील की

ओमी वैद्य ने एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि आज मैं आपसे एक जरूरी बात करना चाहता हूं। मैं अक्सर ऐसे वीडियो नहीं बनाता, इसलिए मेरी बात ध्यान से सुनिए। क्या आपको पता है कि 3 इडियट्स में आमिर खान का किरदार फुंसुख वांगडू असल जिंदगी के लद्दाख के इंजीनियर, इनोवेटर, शिक्षक और समाज सुधारक सोनम वांगचुक से प्रेरित था?

ओमी ने आगे कहा मैं उनसे मिल चुका हूं। वह बहुत ही दिलचस्प और सादगी पसंद इंसान हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में कई बेहतरीन काम किए हैं। इसलिए मैं आपसे कहूंगा कि उनके बारे में जानिए और देखिए कि इस समय वह क्या कर रहे हैं। फिलहाल सोनम वांगचुक लंबे समय से भूख हड़ताल पर हैं। कई हफ्ते बीत चुके हैं और उनका ब्लड शुगर काफी कम हो गया है। मुझे नहीं पता कि आपने इसके बारे में सुना है या नहीं, या मीडिया इस पर कितनी खबर दिखा रहा है, लेकिन यह बहुत गंभीर मामला है। वह भूख हड़ताल क्यों कर रहे हैं? क्योंकि उन्हें भारत की शिक्षा व्यवस्था, लद्दाख से जुड़े कुछ मुद्दों और पर्यावरण की चिंता है। आप उनकी बात से सहमत हों या नहीं, लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि मैं नहीं चाहता कि यह इंसान मर जाए। मेरे लिए वह एक प्रेरणादायक व्यक्ति हैं और मैं चाहता हूं कि वह सुरक्षित रहें और जिंदा रहें।

# शत्रुघ्न सिन्हा ने फोटो खिंचवाते वक्त फैन को मारा

**बोले- हाथ नीचे करो, फैन असहज होकर पास से हट गया, पहले भी ऐसा किया था**



सीनियर एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उन्होंने एक फैन को हाथ नीचे करने को कहा। इसके बाद फैन एक्टर के पास से चला गया।

दरअसल, यह वीडियो आकांक्षा रंजन कपूर और फिल्ममेकर शरण शर्मा के वेडिंग रिसेप्शन का बताया जा रहा है।

इवेंट से बाहर निकलते समय शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक फैन फोटो खिंचवाने पहुंचा। तस्वीर लेते वक्त फैन ने कैमरे की ओर विक्ट्री (श) साइन बनाया। यह देखकर शत्रुघ्न सिन्हा ने तुरंत उसका हाथ नीचे करते हुए कहा, हाथ नीचे। इसके बाद हंसते हुए बोले, ह्यमेरे सामने पोज मार रहा है।ह्ण एक्टर की इस रिएक्शन से फैन कुछ पल के लिए असहज हो गया और तुरंत पीछे हट गया। इसके बाद भी पैपराजी तस्वीरें लेते रहे।

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने शत्रुघ्न सिन्हा की आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, ह्यगलत बात है सर, बच्चा आपसे मिलकर बहुत खुश था।ह्ण वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, ह्यसेलेब्रिटी अपने फैंस की वजह से ही सेलेब्रिटी होते हैं।ह्ण एक और यूजर ने फैन का पक्ष लेते हुए कहा, ह्यबेचारा फैन एकदम असहज हो गया, यह ठीक नहीं लगा।ह्ण

हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब शत्रुघ्न सिन्हा ने ऐसा किया है। इसी इवेंट के दौरान एक और शख्स को शत्रुघ्न सिन्हा ने हाथ नीचे करने को कहा। वहीं, इससे पहले एक इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर फैसल राइडर को भी शत्रुघ्न सिन्हा ने हाथ नीचे करने को कहा था। इसके बाद फैसल का यह वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसको लेकर फैसल ने शत्रुघ्न सिन्हा का धन्यवाद किया था।

# 'कपिल शर्मा शो 70% स्क्रिप्टेड होता है':30% ऑन-द-स्पॉट कॉमेडी



कॉमेडियन कीकू शारदा ने कपिल शर्मा शो को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। प्रखर के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि शो का 70 प्रतिशत हिस्सा स्क्रिप्टेड होता है, जबकि 30 प्रतिशत कॉमेडी ऑन-द-स्पॉट (इम्प्रोवाइजेशन) की जाती है।



कीकू के मुताबिक, मेहमान कलाकारों को पहले से जोक्स या पंचलाइंस नहीं बताई जातीं ताकि उनके असली रिएक्शन कैमरे में कैद हो सकें। उन्होंने शो के दौरान जोक फ्लॉप होने पर कपिल शर्मा के सिचुएशन हैंडल करने के तरीके और अभिनेता सलमान खान के अनप्रिडिक्टेबल मिजाज पर भी खुलकर बात की। कीकू शारदा कपिल शर्मा शो में बच्चा यादव समेत कई किरदार निभाते हैं।

**मेहमानों को पहले नहीं पता होते जोक्स** कीकू शारदा ने इंटरव्यू में बताया कि वे जानबूझकर सेलिब्रिटी मेहमानों को पहले से जोक्स, पंचलाइंस या किरदारों के बारे में नहीं बताते। टीम चाहती है कि मेहमान उन किरदारों को पहली बार स्टेज पर ही देखें, जिससे उनके सबसे सच्चे और स्वाभाविक रिएक्शन मिल सकें। अब शो में आने वाले सभी स्टार्स भी इसी फ्लो के साथ आगे बढ़ते हैं और ऑन-द-स्पॉट कॉमेडी का आनंद लेते हैं।

**70% स्क्रिप्ट और 30% ऑन-द-स्पॉट कॉमेडी** क्रिएटिव प्रोसेस को समझाते हुए कीकू ने कहा कि शो में एक तय स्क्रिप्ट होती है और टीम उसका पालन भी करती है। लेकिन कई बार सेलिब्रिटी बातचीत को बिल्कुल नई दिशा में ले जाते हैं, जिससे स्क्रिप्ट पर टिके रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे समय पर ऑन-द-स्पॉट बदलाव करने पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि शो लगभग 70-30 के रेशियो पर चलता है, जहां 70% स्क्रिप्ट होती है और 30% पूरी तरह से स्पॉन्टेनियस होता है।

**सलमान खान के रिएक्शन को समझना मुश्किल** सलमान खान के साथ परफॉर्म करने के अपने अनुभव को याद करते हुए कीकू ने कहा कि उनके रिएक्शन को प्रेडिक्ट करना बहुत मुश्किल है। कई बार टीम किसी लाइन को बहुत मजेदार सोचकर प्लान करती है, लेकिन वे उस पर मुश्किल से रिएक्ट करते हैं।

वहीं बीच में जब कोई अचानक कुछ अनपेक्षित कह देता है, तो वे अपनी हंसी नहीं रोक पाते। सलमान जब हंसना शुरू करते हैं, तो उनकी आंखों से आंसू तक निकल आते हैं।



**जोक फ्लॉप होने पर कपिल संभालते हैं कमान** इंटरव्यू में कीकू ने यह भी बताया कि जब स्टेज पर कोई जोक फेल हो जाता है, तो कपिल शर्मा स्थिति को बखूबी संभाल लेते हैं। कपिल को तुरंत समझ आ जाता है कि कौन सा हिस्सा काम नहीं कर रहा है। ऐसे में कपिल बिना किसी स्क्रिप्ट के बीच में आते हैं और कहते हैं कि 'मैंने पहले ही कहा था कि यह काम नहीं करेगा'। वे इस तरह से बात को घुमाते हैं कि सिचुएशन अजीब नहीं लगती और शो आगे बढ़ जाता है। दोनों पिछले 13 साल से साथ काम कर रहे हैं, इसलिए वे एक-दूसरे के दिमाग को अच्छी तरह समझते हैं। 2016 में की थी कॉमेडी शो की शुरूआत कपिल शर्मा ने अपने शो की शुरूआत 2016 में की थी। 23 अप्रैल 2016 को शो का पहला सीजन आया था।



## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...

00000000000

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।
उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

000000000

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | नी |
| त | पी | जा | स्हे | र | ग | या | ल | ह | प | ल |
| र | ज | ए | रा | जा | बा | बू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | थि | क |
| र | क | ल | श | रा | ब | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ज | ल | नो | मा | व | ति | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | च | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

----------------

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# सरकार ने फिर दोहराया- पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं




## यह विदेश यात्रा के लिए जारी होने वाला डॉक्यूमेंट, 8% से भी कम भारतीयों के पास है




**केंद्र सरकार ने एक बार फिर से कहा है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के मुताबिक भारत सरकार देश से बाहर यात्रा के लिए भारतीय नागरिकों को पासपोर्ट जारी करता है।**

मंत्रालय ने कहा कि यह एक डॉक्यूमेंट है जो पूरी जांच और वेरिफिकेशन के बाद जारी किया जाता है। इसका संचालन पासपोर्ट अधिनियम, 1967 तथा पासपोर्ट नियम, 1980 के तहत होता था। अधिकारियों ने यह भी बताया था कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के तहत जनहित में जरूरत पड़ने पर केंद्र सरकार किसी गैर-भारतीय नागरिक को भी पासपोर्ट जारी कर सकती है। इसलिए पासपोर्ट को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जाता।

### कांग्रेस ने पूछा- कौन सा दस्तावेज नागरिकता का सबूत

विदेश मंत्रालय के इस बयान के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की थी। पार्टी ने सवाल उठाया कि अगर पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो इसे किस आधार पर जारी किया जाता है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और राज्यसभा




### पहचान पत्र अपने आप नागरिकता साबित क्यों नहीं करते?

आधार, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज खास कामों के लिए जारी किए जाते हैं, जैसे पहचान की जांच, चुनाव में रजिस्ट्रेशन या गाड़ी चलाने की अनुमति। इन्हें नागरिकता तय करने के लिए नहीं बनाया गया है, इसलिए इन्हें अपने आप में नागरिकता का पक्का सबूत नहीं माना जाता है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है, जो विदेश में धारक की राष्ट्रीयता को दशार्ता है। कानूनी रूप से नागरिकता 'नागरिकता कानून' के तहत तय होती है, जबकि पासपोर्ट 'पासपोर्ट कानून' के तहत जारी होता है और यह हर परिस्थिति में अपने आप में नागरिकता का अंतिम सबूत नहीं होता है।

है। जायसवाल ने बताया कि देश के 8% से भी कम नागरिकों के पास पासपोर्ट है।

24 जून को पासपोर्ट सेवा दिवस पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पासपोर्ट ट्रैवल डॉक्यूमेंट है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। यह बयान चुनाव आयोग की रक्क्र्प्रक्रिया में पासपोर्ट को नागरिकता के प्रमाण के तौर पर इस्तेमाल किए जाने के सवाल पर दिया गया था। मंत्रालय ने 2013 के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया था, जिसमें पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना गया सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं है तो फिर कौन सा दस्तावेज नागरिकता का सबूत है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार उन लोगों की नागरिकता पर सवाल उठाने की जमीन तैयार कर रही है, जिनसे उसकी राजनीतिक असहमति है। पासपोर्ट केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया एक अंतरराष्ट्रीय पहचान पत्र है, जिसका मुख्य इस्तेमाल भारत से बाहर किसी भी देश में यात्रा करने के लिए होता है।

ईरान ने मजाक उड़ाते हुए कहा था- हम थोड़ा कम लेंगे

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज में 20% टैक्स का फैसला वापस लिया, 24 घंटे में ही पलटे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर 20% टैक्स लगाने का अपना फैसला महज 24 घंटे के भीतर वापस ले लिया। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मिडिल ईस्ट के नेताओं के साथ बातचीत के बाद उन्होंने इसे खत्म करने का फैसला लिया है। अब इसकी जगह खाड़ी देश अमेरिका में बड़े पैमाने पर निवेश करेंगे। इससे अमेरिका में लाखों रोजगार पैदा होंगे।

ट्रम्प ने सोमवार को ऐलान किया था कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से 20% टैक्स वसूला जाएगा। हालांकि इस फैसले की कई देशों ने आलोचना की थी। ईरान ने भी इस पर तंज कसते हुए कहा था कि ट्रम्प की बात बिल्कुल सही है, लेकिन 20% टैक्स बहुत ज्यादा है। ईरान इससे कम टैक्स वसूलेगा।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के शहरों पर 5 घंटे तक बमबारी की और बुशहर, चाबहार, जास्क, कोनार्क, अबू मूसा और बंदर अब्बास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा करेगा। इसके बदले हर कार्गो पर 20% शुल्क वसूलेगा। ईरानी जहाजों और उसके ग्राहकों पर नई पाबंदियां लागू कीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रम्प के बयान का जवाब देते हुए कहा कि सुरक्षित समुद्री रास्ता उपलब्ध कराने वाले को भुगतान मिलना चाहिए और यह जिम्मेदारी हमेशा से ईरान निभाता आया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 प्रतिशत तो बहुत ज्यादा है।

## ट्रम्प बोले- होर्मुज से जहाज गुजरने पर कोई टैक्स नहीं लगना चाहिए

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से किसी भी देश या संस्था को टैक्स नहीं वसूलना चाहिए। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा- मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इस रास्ते से गुजरने के लिए शुल्क लेने का अधिकार होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा व्यवस्था भी पूरी तरह उचित नहीं है। ट्रम्प ने कहा, ₹मुझे टैक्स लेने का विचार पसंद नहीं है, लेकिन यह भी सही नहीं है कि पूरी दुनिया के लिए इस जलमार्ग की सुरक्षा अमेरिका करे।

ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद सोमवार को ईरान के सरकारी टीवी कान पर प्रसारित एक कार्यक्रम में दिखाई दिए। वे तेहरान में मारे गए सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की याद में आयोजित एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए।

इससे एक दिन पहले द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि वर्ष 2024 में अहमदीनेजाद की इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद चीफ डेविड बरनिया से मुलाकात हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें ईरान का नया नेता बनाए जाने की तैयारी की जा रही थी। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि 28 फरवरी को, जिस दिन इजराइल के हवाई हमले में अली खामेनेई की मौत हुई, उसी दिन मॉसाद के एजेंट अहमदीनेजाद को एक सुरक्षित ठिकाने पर ले गए थे। हालांकि बाद में उन्होंने वहां से निकलने का फैसला किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इजराइली खुफिया एजेंसी से कथित संबंधों के कारण अहमदीनेजाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड की निगरानी या हिरासत में थे। सरकारी टीवी पर प्रसारित वीडियो में अहमदीनेजाद पहले की तुलना में कमजोर नजर आए। हालांकि उन्होंने कैमरे से बाहर मौजूद किसी व्यक्ति की ओर हाथ उठाकर इशारा किया, मुस्कुराए और सिर हिलाकर अभिवादन किया।

# ब्रिटेन में मंदिर की जगह मुस्लिमों को बेचने पर विवाद: हिंदू समाज ने याचिका लगाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

लंदन से 120 किमी दूर पीटरबरो में 40 साल पुराने मंदिर और कम्युनिटी सेंटर की बिक्री को पर विवाद हो गया है। पीटरबरो सिटी काउंसिल ने न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स को नीलामी के बाद एक मुस्लिम संस्था, यूनाइटेड किंगडम इस्लामिक मिशन, को बेचने का फैसला किया है।

इसी परिसर में भारत हिंदू समाज का मंदिर चलता है, जो शहर और आसपास रहने वाले हजारों हिंदुओं का प्रमुख पूजा और सांस्कृतिक केंद्र है। फैसले से नाराज भारत हिंदू समाज ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बिक्री प्रक्रिया को चुनौती दी है।

भारत हिंदू समाज संगठन का आरोप है कि काउंसिल ने मंदिर की करीब 40 साल पुरानी धार्मिक और सामुदायिक भूमिका को नजरअंदाज किया। नीलामी के मूल्यांकन में भी गंभीर खामियां रहीं। बता दें कि फरवरी 2026 में हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए काउंसिल को बिक्री पूरी करने जैसे किसी भी कदम से रोक दिया था।

अब न्यायिक समीक्षा में यह जांच हो रही है कि फैसला लेने की प्रक्रिया कानून के मुताबिक थी या नहीं। मंदिर प्रबंधन ने साफ किया है कि उसका विरोध मुस्लिम संस्था से नहीं, बल्कि काउंसिल के फैसले और प्रक्रिया से है। अब कोर्ट जांच करेगा कि संपत्ति बेचने का फैसला कानून और समानता के नियमों के मुताबिक लिया गया था या नहीं।

### मंदिर बंद होने से 56 किमी दूर जाने को मजबूर होंगे हिंदू

भारत हिंदू समाज का कहना है कि पीटरबरो का यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि इलाके के 4,000 हिंदुओं का एकमात्र सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र भी है।

### घाटे के चलते बेचने पड़ रहे हैं परिसर, स्पोर्ट्स सेंटर व क्लब

पीटरबरो का विवाद ब्रिटेन में अकेला नहीं है। यहां की काउंसिलें बढ़ते खर्च व कम सरकारी मदद के कारण सामाजिक परिसर, स्पोर्ट्स सेंटर व कम्युनिटी भवन बेचकर बजट संभाल रही हैं। 2025 के 'की सिटीज' सर्वे में 60% काउंसिलों ने संपत्ति बिक्री को घाटा भरने का रास्ता बताया।

बर्मिंघम को 24-25 का बजट संतुलित करने के लिए 2,883 करोड़ रु. की संपत्तियां बेचने का लक्ष्य रखना पड़ा। नॉटिंघम का 2025-26 घाटा 267 करोड़ और चार वर्षों का कुल अनुमानित अंतर 689 करोड़ रु. था।

## हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब का निगरानी ड्रोन गिराने का दावा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यमन

यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने सऊदी अरब का एक निगरानी ड्रोन मार गिराया है। हूती संगठन के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा कि उनके लड़ाकों ने मंगलवार तड़के अल-बैदा प्रांत के ऊपर उड़ रहे सऊदी के 'विंग लूंग-2' टोही ड्रोन को निशाना बनाया। उनके मुताबिक, यह ड्रोन इलाके में सैन्य निगरानी कर रहा था। हालांकि, सऊदी अरब की ओर से अभी तक इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। अमेरिका-ईरान युद्ध भले ही खत्म हो जाए, लेकिन दुनिया का ऊर्जा संकट खत्म नहीं होगा। पर्यावरण संगठन ग्रीनपीस इंटरनेशनल का कहना है कि जब तक दुनिया तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहेगी, तब तक किसी भी क्षेत्र में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता रहेगा। ग्रीनपीस के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट में तनाव बढ़ने से एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका तक तेल की कीमतों, महंगाई और परिवहन खर्च पर असर पड़ा है।

## शाहरुख के बंगले मन्नत के रेनोवेशन पर रोक नहीं:सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के मुंबई स्थित बंगले 'मन्नत' के रेनोवेशन का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मन्नत में दो नई मंजिलें बनाने पर रोक की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता संतोष दौंडकर की नीयत पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई अपने निजी घर में बदलाव या निर्माण करना चाहता है तो यह उसकी मर्जी है, कानून का मोटे तौर पर पालन किया गया है। याचिकाकर्ता की नीयत पर उठाए सवाल सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर की नीयत पर सवाल उठाए। बेंच ने कहा कि यह एक निजी घर है। अगर इसमें रहने वाले लोग अपने हिसाब से बदलाव करना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है। कोर्ट ने कहा कि कानून का मोटे तौर पर पालन किया गया है, तो किसी पड़ोसी या किसी दूसरे व्यक्ति को इसमें दखल क्यों देना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील शोएब आलम ने दलील दी कि मामला एक मशहूर स्टार से जुड़ा है, इसलिए इसे अलग तरह से नहीं देखा जाना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने साफ किया कि वह किसी व्यक्ति की लोकप्रियता से प्रभावित नहीं है। मन्नत में दो मंजिलें और बढ़ाने का है प्लान शाहरुख खान और गौरी खान अपने छह मंजिला बंगले के ऊपर दो और आवासीय मंजिलें बनाना चाहते हैं। गौरी खान ने बंगले के एनेक्स बिल्डिंग में दो अतिरिक्त फ्लोर जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया था। इसके लिए महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी (एमसीजेएमए) ने 3 जनवरी 2025 को मंजूरी दी थी।

# पुरी रथयात्रा कल से, 6 महीने पहले से होटल बुकिंग: कमरा 50 हजार में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई, गुरुवार से शुरू होगी। यह भव्य उत्सव 24 जुलाई तक चलेगा, जिसमें 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। रथयात्रा को लेकर पुरी के होटल और लॉज पूरी तरह फुल हो चुके हैं।

जिला प्रशासन के मुताबिक, इस साल फरवरी से ही बुकिंग शुरू हो गई थी। मंदिर और रथयात्रा मार्ग के आसपास के होटल-लॉज की सबसे ज्यादा मांग है। खासकर जिन होटलों की बालकनी या खिड़की रथयात्रा मार्ग की ओर खुलती है, उनके लिए सबसे ज्यादा मारामारी है। पिछले साल के मुकाबले होटल और लॉज का किराया 10 गुना तक बढ़ गया है। जिन लॉज का सामान्य किराया 1500 से 2000 रुपए होता है, उनका किराया रथयात्रा के दौरान तीन दिन के लिए 50 हजार रुपए तक पहुंच गया है। पूरे शहर में करीब 1200 होटल हैं। धर्म और आस्था की सीमाओं से परे पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हर साल एक अनोखी रथयात्रा निकाली जाती है। यहां न तो रस्सी से रथ खींचा जाता है और न ही विशाल रथ सजाया जाता है।

इसके बजाय कोलकाता के सेंट पॉल कैथेड्रल मिशन कॉलेज के बांग्ला विभाग के प्रोफेसर डॉ. शेख मकबूल इस्लाम भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन के विग्रह को अपनी गोद में लेकर करीब 400 मीटर की परिक्रमा करते हैं। इस यात्रा में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई तीनों समुदायों के लोग शामिल होते हैं। डॉ. इस्लाम 1992 से भगवान जगन्नाथ पर शोध कर रहे हैं और इस विषय पर 14 से अधिक किताबें लिख चुके हैं। 1996 से उनके घर में भगवान जगन्नाथ का विग्रह स्थापित है, जबकि 2009 से वे हर साल रथपूजा के अवसर पर इस अनूठी परिक्रमा का आयोजन कर रहे हैं। डॉ. शेख मकबूल इस्लाम इस परंपरा का आधार कठोपनिषद् के प्रसिद्ध श्लोक 'आत्मानं रथिनं विद्धि, शरीरं रथमेव तुड्ढ' को मानते हैं। उनके मुताबिक, इस श्लोक में शरीर को रथ, बुद्धि को सारथी और आत्मा को रथ का स्वामी बताया गया है। इसलिए जब शरीर ही रथ है, तो अलग रथ की जरूरत नहीं। वे पूरी तरह शाकाहारी हैं और भगवान जगन्नाथ के लिए अपने घर में पुरी की परंपरा के अनुसार 35 प्रकार का सात्विक भोग बनाकर विधि-विधान से अर्पित करते हैं।

■ वर्ष-12 अंक-252 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥

**भावार्थ** : अग्ने! उन लक्ष्मीदेवी को, जिनका कभी विनाश नहीं होता है तथा जिनके आगमन से मैं सोना, गौ, घोड़े तथा पुत्रादि को प्राप्त करूँगा, मेरे लिये आह्वान करो।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 15 जुलाई, 2026

ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्त्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥

**भावार्थ** : हे सर्वज्ञ अग्निदेव ! सुवर्ण के रंगवाली, सोने और चाँदी के हार पहनने वाली, चन्द्रमा के समान प्रसन्नकांति, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवी को मेरे लिये एआव्हान करो।

## सम्पादकीयम्

### अस्मान् सचेष्टयति

तदेव भयं अस्मान् सजगं करोति; वयं वामदक्षिणं पश्यामः, यातायातस्य वेगं मापयामः, तदा एव अग्रे गच्छामः यदा वयं पूर्णतया सुरक्षायाः आश्वासनं प्राप्नुमः। भयम् अस्मान् सचेष्टयति; सतर्कतायाः प्रथमं सोपानम् अस्ति। दुर्घटनाभयं विना भवन्तः अन्धरूपेण मार्गं पारं कृत्वा प्राणान्त्यक्त्वा गच्छन्ति। विवाहे अपि एषः एव नियमः प्रवर्तते। अन्यत् उदाहरणं विचार्यताम् यत् यदा भवान् अपरिचितनगरे कैबं बुकं करोति तदा पैनिकबटनम् अथवा सवारी-साझेदारी-विकल्पः इत्यादीनि विशेषताः किमर्थं प्रदत्ताः सन्ति? यतः भवन्तः चालकं न जानन्ति–सः शिष्टः व्यक्तिः अपराधी वा भवितुम् अर्हति। तस्य भयस्य कारणेन एव सुरक्षापरिहाराः विद्यन्ते। एकं अपि उदाहरणं चिन्तयन्तु यत् निर्दोषः बालकः किमर्थं अपरिचितात् टॉफीं स्वीकुर्वति? यतः तेषां परदेशीयस्य भयं नास्ति, तेषां सावधानतायाः अभावः भवति, तत्रैव ते गम्भीरसंकटस्य दुर्बलाः भवन्ति। किमर्थं वयं स्वसीमासु सैन्यं स्थापयामः? यतः वयं शत्रुप्रवेशस्य भयं कुर्मः। किमर्थं वयं प्रत्येकं पैसां रक्षामः? यतः वयं भविष्ये आर्थिककष्टस्य भयं कुर्मः। भयम् अस्मान् पूर्वमेव आसन्नक्लेशस्य निवारणाय सज्जीकरोति। ये न भयं कुर्वन्ति–तथा च न सज्जीभवन्ति–ते भविष्ये पराजयः एव नियताः सन्ति।

सचिन-युवराज-सहिताः क्रिकेट्-विश्वः सौरव-गांगुली-इत्यस्य

# आईसीसी-हॉल-ऑफ-फेम्-मध्ये प्रवेशाय अभिनन्दनं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः पूर्वकप्तानः सौरव-गांगुली-इत्यस्य आईसीसी-हॉल-ऑफ-फेम्-मध्ये प्रवेशस्य अनन्तरं विश्वस्य अभिनन्दनानां बाढं प्राप्यते। पौराणिकः बल्लेबाजः सचिन तेण्डुलकरः विश्वकपविजेता सर्वपक्षीयः युवराजसिंहः च एतस्याः ऐतिहासिकस्य उपलब्धेः उत्सवस्य हृदयस्पर्शी सन्देशान् साझां कृत्वा गांगुलीं भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायां प्रभावशालिनः नेतारः इति वर्णितवन्तौ। ५४ तमे जन्मदिने सम्मिलितः गांगुली समग्रतया १२तमः भारतीयः भवति-तथा च १०तमः भारतीयः पुरुषक्रिकेट्-क्रीडकः-एतत् प्रतिष्ठितं सम्मानं प्राप्नोति

गांगुली इत्यनेन सह वर्षाणां यावत् भारतीयदलस्य बल्लेबाजीं उद्घाटितवान्-क्रिकेट्-इतिहासस्य सफलतम-उद्घाटन-युग्मेषु अन्यतमं निर्माय-सचिन-तेण्डुलकरः सामाजिक-माध्यम-मञ्चे -इत्यत्र लिखितवान् यत्, १४ वर्षेभ्यः परस्परं ज्ञात्वा, इदानीं कतिचन वस्तूनि तं आश्चर्यचकितं कुर्वन्ति गांगुली इत्यस्य इत्यस्मिन् प्रवेशः तेषु अन्यतमः नास्ति। गांगुली इत्यस्य एतत् सम्मानं प्राप्य सः अपारं प्रसन्नतां प्रकटितवान्।

सचिनस्य सन्देशस्य प्रतिक्रियां दत्त्वा सौरव गांगुली आभारं प्रकटितवान्। सः लिखितवान् यत् सचिन इत्यादिना आख्यायिकायाः सह एकमेव सूचीं साझां करणं तस्य महतीषु उपलब्धिषु अन्यतमम् अस्ति, तस्य अपारं सन्तुष्टिः च अभवत्।

पूर्वभारतीयः सर्वपक्षीयः युवराजसिंहः अपि स्वस्य पूर्वकप्तानस्य अभिनन्दनं कृतवान् यत् सः यथार्थतया अस्य सम्मानस्य योग्यः अस्ति इति। युवराजः टिप्पणीं कृतवान् यत् गांगुली केवलं दलस्य निमार्णं न कृतवान् अपितु भारतीयक्रिकेटक्रीडकानां सम्पूर्णपीढौ विश्वासं प्रवर्तयति स्म। सः अपि अवदत् यत् गांगुली इत्यस्य कप्तानत्वे क्रीडितुं स्मरणीयक्षणं च साझां कर्तुं अवसरः तस्य स्वस्य करियरस्य मुख्यविषयेषु अन्यतमः अस्ति।

सम्मानस्य घोषणायाः तत्क्षणानन्तरं सौरवगांगुली इत्यनेन अपि आईसीसी-सङ्घस्य, आईसीसी-अध्यक्षस्य च जयशाहस्य च आभारः प्रकटितः आसीत् यत्, आईसीसी-हॉल-ऑफ-फेम्-मध्ये तस्य प्रवेशः प्रचण्डः सम्मानः इति एतत् स्वस्य क्रिकेट्-क्रीडायाः महत्त्वपूणासु उपलब्धिषु अन्यतमम् इति वर्णयन् सः अवदत् यत् क्रिकेट्-महानानाम् सूचीयाः भागः भवितुं तस्य कृते गौरवस्य विषयः अस्ति

अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्परिषदः शताब्दीसमारोहस्य निमित्तं २००९ तमे वर्षे इत्यस्य आरम्भः अभवत्। अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेट्-क्रीडायां असाधारणं योगदानं दत्तवन्तः एव क्रीडकाः एव अस्मिन् प्रतिष्ठितसूचौ समाविष्टाः भवन्ति। अन्तिम-अन्तर्राष्ट्रीय-क्रीडायाः न्यूनातिन्यूनं पञ्चवर्षेभ्यः अनन्तरं कश्चन क्रीडकः अस्य सम्मानस्य योग्यः भवति।

सौरवगांगुली इत्यस्य भव्यं अन्तर्राष्ट्रीयवृत्तिः आसीत्। सः भारतस्य कृते ४२४ अन्तर्राष्ट्रीयक्रीडाः क्रीडितः, १८,५७५ धावनाङ्कान् सञ्चितवान्, येषु ३८ शतकानि १०७ अर्धशतकानि च सन्ति। टेस्ट्-क्रिकेट्-क्रीडायां सः ११३-क्रीडासु ७,२१२ रनस्य स्कोरं कृतवान्, ३११ एकदिवसीय-अन्तर्राष्ट्रीय-क्रीडासु (एकदिवसीय-क्रीडासु) ११,३६३ रनस्य अभिलेखं कृतवान् । सः आफ-साइड् इत्यत्र उत्तम-शॉट्-क्रीडायां निपुणतायाः कारणात् 'गॉड् आफ द ऑफ-साइड' इति अपि प्रसिद्धः अस्ति।

मोरक्कोदेशस्य कृते कप्तानः

## अचराफ हाकिमिः प्रमुखः सम्पत्तिः इति मन्यते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तदतिरिक्तं औस्माने डेम्बेले इत्यस्य सृजनशीलता, आक्रामकता च मोरक्कोदेशस्य रक्षायाः कृते महत्त्वपूर्णं आव्हानं भवितुम् अर्हति। मध्यक्षेत्रे माइकल ओलिस्, एड्रीएन् रबिओट् इत्येतयोः भूमिका महत्त्वपूर्णा भविष्यति; द्वयोः खिलाडयोः कृते क्रीडायाः गतिं नियन्त्रयितुं, मोरक्कोदेशस्य प्रतिआक्रमणं विफलं कर्तुं च कार्यं भविष्यति।

मोरक्कोदेशस्य कृते कप्तानः अचराफ हाकिमिः प्रमुखः सम्पत्तिः इति मन्यते। दक्षिणपक्षीयरूपेण क्रीडन् हाकिमी निरन्तरं विस्फोटकधावनैः आक्रमणशैल्या च विपक्षं धमकीकृत्य स्थापयति। मध्यक्षेत्रे सोफियान्-अम्राबतस्य उद्देश्यं फ्रान्सस्य लयं बाधितुं भविष्यति, ब्रहिम डायजः तु स्वस्य सृजनशीलतायाः माध्यमेन गोलस्य अवसरानां निमार्णे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। परन्तु इस्माइल सैबारी इत्यस्य अनुपलब्धतायाः कारणेन दलस्य महती विफलता अभवत्; अस्मिन् महत्त्वपूर्णे मेलने तस्य अनुपस्थितेः वार्ता-चोटकारणात्-मोरक्को-देशस्य सज्जतायां प्रभावं कृतवती अस्ति। सैबरी इत्यस्य अनुपस्थितौ अन्येषां क्रीडकानां आक्रमणस्य उत्तरदायित्वं स्कन्धे कर्तव्यं भविष्यति। २०२६ तमे वर्षे विश्वकप-क्रीडायां फ्रान्स्-देशेन अनुभवस्य युवानां च तेजस्वी मिश्रणं प्रदर्शितम् अस्ति। सम्पूर्णे प्रतियोगितायां आक्रामकं आक्रामकं फुटबॉलं ठोसरक्षात्मकप्रदर्शनेन सह संयोजितवान्, येन ते उपाधिस्य शीर्षस्थाने स्थापिताः इदानीं मोरक्कोदेशेन सिद्धं कृतम्-अनुशासनस्य, सामूहिककार्यस्य, उत्साहपूर्णप्रदर्शनस्य च माध्यमेन-यत् तेषां कस्यापि प्रमुखदलस्य आव्हानं कर्तुं योग्यता अस्ति। यदि मोरक्कोदेशः केवलं पुनरावृत्तिं न कृत्वा इतिहासस्य निमार्णं कर्तुम् इच्छति तर्हि तेषां रक्षात्मकक्रीडायाः पूरकत्वं प्रभावी आक्रमणप्रदर्शनेन करणीयम्।

## प्रौद्योगिक्याः माध्यमेन विद्यमानानाम् संसाधनानाम् कार्यक्षमतां वर्धयितुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

वालुन्ज् इत्यनेन उल्लेखितम् यत् वाणिज्यिकवाहनेषु प्रौद्योगिक्याः स्वीकरणं त्वरितम् अस्ति, येन स्मार्ट-ईंधन-प्रबन्धन-प्रणालीनां भूमिका अधिकाधिकं महत्त्वपूर्णा भवति। कम्पनीयाः अनुसारं तस्याः 'कुल-ईंधन-प्रबन्धन'-मञ्चः बेडा-सञ्चालकानां कृते ईंधनस्य क्रयणस्य, उपभोगस्य, भुगतानस्य च डिजिटलरूपेण निरीक्षणं कर्तुं समर्थं करोति। तदतिरिक्तं, एतत् उन्नत-सञ्चालन-दक्षतां सुविधां ददाति तथा च कृत्रिम-बुद्धि-आधारित-विश्लेषण-माध्यमेन उत्तमं ईंधन-उपयोगं सुनिश्चितं करोति। इदानीं स्विच् मोबिलिटी इत्यनेन प्रदर्शन्यां स्वस्य नूतनं विद्युत्बस् प्रक्षेपणं कृतम्।

## राशिफल

**मेष** : आपके तेज आइडिया नए मौके ला सकते हैं। टाइम का मैनेजमेंट इस प्रकार करें कि टास्क जल्दबाजी के बिना पूरे हो सके।

**वृषभ** : आज प्रगति करने के लिए खुद पर भरोसा रखें। आपकी एनर्जी उज्ज्वल और स्टेबल रहेगी।

**मिथुन** : सावधानी के साथ खर्च और सेविंग्स करने की आपकी आदत आपके भविष्य की रक्षा करेगी। दोस्तों से सपोर्ट लें। आज के

**कर्क** : दयालुता के छोटे-छोटे कार्य आपके रिलेशन को बेहतर बना सकते हैं। एक छोटा लक्ष्य चुनें, जल्द से जल्द पूरा करें।

**सिंह** : कार्यों को पूरा करें। धन को समझदारी से मैनेज करें। कुछ नया सीखें और अपने रूटीन को आसान रखें।

**कन्या** : फाइनेंशियल सिचूऐशन स्टेबल होती नजर आएगी। आज के दिन धैर्य रखने से लाभ मिलेगा।

**तुला** : आपका मन तेजी से काम करेगा, लेकिन आपके डिसीजन आपको सफलता दिला सकते हैं।

**वृश्चिक** : धन के मामले पर सावधानी के साथ गौर करें। रोज की लाइफस्टाइल में छोटे-छोटे सुधार आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा सकते हैं।

**धनु** : स्टेबल इंकम और पारिवारिक आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करें। फाइनेंशियल सिचूऐशन स्टेबल रहेगी।

**मकर** : आज आराम करने से फोकस पावर और एनर्जी बनी रहती है। धैर्य और समझदारी भरी योजना से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** : नियमित दिनचर्या और पर्याप्त नींद जैसी आपकी हेल्दी आदतों से स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मीन** : छोटे-छोटे कदम और काम घर में प्रगति ला सकते हैं। एनर्जी निरंतर प्रयास और डिसीजन में मददगार साबित हो सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# इन चार राशियों मिलेगी सफलता और धन लाभ, दो दिन बाद बन रहा है गजकेसरी योग

कुछ ही दिनों में एक बेहद शुभ ज्योतिषीय संयोग, गजकेसरी योग, बनने जा रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 14 जुलाई से 16 जुलाई तक किन राशि के जातकों का भाग्य चमकने वाला है।

14 जुलाई 2026 को एक बेहद शुभ ज्योतिषीय संयोग, गजकेसरी योग, बना है। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अत्यंत मंगलकारी और लाभदायक माना गया है। यह योग तब बनता है जब चंद्रमा और गुरु एक ही राशि में स्थित होते हैं। इस बार यह योग कर्क राशि में निर्मित हो रहा है, जहां चंद्रमा 16 जुलाई की शाम 7 बजकर 52 मिनट तक विराजमान रहेंगे। इस अवधि में बनने वाला गजकेसरी योग कई राशियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 14 जुलाई से 16 जुलाई तक किन राशि के जातकों का भाग्य चमकने वाला है।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए यह योग विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। इस दौरान आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। धन-धान्य में वृद्धि होगी और जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि संभव है।



साथ ही आय में बढ़ोतरी और प्रमोशन के योग भी बन रहे हैं। कुल मिलाकर यह समय आपके लिए उन्नति और सफलता का संकेत दे रहा है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए भी यह योग शुभ फल प्रदान करेगा। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक संतुलन सुधरेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नई संभावनाएं मिल सकती हैं कोई बड़ा सौदा हाथ लग सकता है, जो आगे चलकर अच्छा मुनाफा देगा। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह योग करियर में नए अवसर लेकर आएगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें मनचाही जगह से प्रस्ताव मिल सकता है। इसके अलावा पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आपकी पहचान मजबूत होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ आप अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर पाएंगे।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के जीवन में यह योग खुशियां लेकर आएगा। आर्थिक दृष्टि से यह समय काफी अनुकूल रहेगा। धन लाभ के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। यदि आप निवेश करने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। सही निर्णय लेने पर भविष्य में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। कुल मिलाकर गजकेसरी योग इन राशियों के लिए तरक्की और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पंजाबी रेसलर के एक थप्पड़ से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ चैंपियन बेहोश, जमीन पर गिरा, फिर उठ नहीं पाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फिरोजपुर

पंजाब में फिरोजपुर के रेसलर अमनप्रीत सिंह ने पावर स्लैप कंपीटिशन में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के पूर्व वर्ल्ड हेवीवेट चैंपियन जैक हेजर को एक थप्पड़ में बेहोश कर दिया। जैक हेजर पहले दो राउंड में बढ़त पर थे, लेकिन तीसरे राउंड में शेरा के एक जोरदार थप्पड़ ने उनको को नॉकआउट कर दिया।

जीतने के बाद मंच पर ही शेरा ने अपनी टी-शर्ट उतार जश्न मनाया। वहीं हेजर को करियर की पहली नॉकआउट हार का सामना करना पड़ा। पावर स्लैप 21 का ये मुकाबला 10 जुलाई 2026 को लास वेगास में हुआ। अमनप्रीत सिंह इससे पहले टीएनए रेसलिंग, डब्लूडब्लूई एनएक्सटी और ओवीडब्ल्यू हेवीवेट में खेल चुके हैं। वह रिंग में महाबली शेरा के नाम से फेमस हैं।




**जीतते ही शेरा ने टी-शर्ट उतारकर लहराई**

**दूसरे राउंड में भी जैक हेजर से पिछड़े:** शेरा और जैक हेजर के बीच पहले राउंड का स्कोर 9-10 था। दूसरे राउंड में भी पहला थप्पड़ शेरा ने जड़ा। लेकिन जैक हेजर पर इसका असर नहीं हुआ और वह अपनी जगह से हिले तक नहीं। इसके बाद जैक हेजर ने भी शेरा को थप्पड़ जड़ा। लेकिन इस बार शेरा मजबूती से खड़े रहे। दूसरे राउंड के खत्म होने पर दोनों का स्कोर 17-20 था। शेरा के जैक हेजर के मुकाबले 2 पॉइंट कम थे।

**तीसरे राउंड के पहले थप्पड़ में कर दिया बेहोश:** शेरा ने अपने कोच से बात करने के बाद तीसरे राउंड की तैयारी की। शेरा ने आते ही पूरी पावर के साथ पीछे तक बाजू ले जाते हुए जैक हेजर की गाल पर जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। 2 सेकेंड के अंदर ही जैक हेजर पीछे की तरफ गिरे और जमीन पर लेट गए। अचेत होने के चलते रेफरी ने नॉकआउट देकर शेरा को विनर घोषित कर दिया।

**टी-शर्ट उतारकर स्टेज पर दहाड़े शेरा:** जैसे ही रेफरी ने शेरा की जीत की घोषणा की तो शेरा ने अपनी टी-शर्ट उतार दी और इसे स्टेज पर लहराते हुए दहाड़ने लगे। इसके बाद स्टेज से नीचे आते ही शेरा ने फिर से तिरंगा अपनी पीठ पर लगाया।

### शेरा के मैच में क्या-क्या हुआ

**दिलजीत दोसांझ के गीत पर ली एंट्री:** शेरा ने स्टेडियम में पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के गीत बदले जट्टां दे पुत्त नीं गिण-गिण के सोहणिए लैंदे से की। इसके बाद शेरा ने लोगों की तरफ हाथ हिलाते हुए सबका स्वागत किया। इस दौरान शेरा कॉन्फिडेंस में नजर आए।

**तिरंगा ओढ़कर पहुंचे, माथे से चूमकर स्टेज पर गए:** स्टेडियम में एंट्री के वक्त शेरा ने अपनी पीठ पर तिरंगा रखा था। तिरंगे के साथ पहुंचे शेरा तो देखते ही स्टेडियम शेरा-शेरा की आवाज से गूंज गया। शेरा ने आते ही अपने कोच के साथ हाथ मिलाया और इसके बाद पीठ से तिरंगे को हाथों में लेते हुए फोल्ड किया और फिर माथे से लगाकर सहयोगी को थमा दिया।

**हाथ उठाकर पहले ही जीत पर लगा दी मुहर:** स्टेज पर पहुंचने से पहले शेरा ने हाथ उठाकर एक उंगली खड़ी कर अपनी जीत को पहले से तय बता दिया। लोगों की तरफ देखते हुए शेरा ने बाजू को ऊपर उठाकर रखा और कुछ देर तक इधर-उधर टहलने के बाद स्टेज को चूमकर रिंग में चले गए।

**पहला थप्पड़ जड़ने के लिए अपनी बारी ली:** मंच पर आते ही पहला थप्पड़ जड़ने की बारी अमनप्रीत सिंह शेरा की आई। अमनप्रीत ने स्टीक निशाना बनाते हुए पूरी जोर से पहला थप्पड़ जैक हेजर की गाल पर जड़ा। इस थप्पड़ का असर जरूर हुआ पर जैक हेजर हिले नहीं। जैक हेजर ने अपनी बारी लेते हुए शेरा को थप्पड़ जड़ा तो शेरा हिल गए और पीछे हटते हुए बैठ गए। रेफरी के 5 तक गिनने से पहले शेरा ने खुद को संभाला और फिर खेलने के लिए तैयार हुए।

## स्पेन 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डलास

स्पेन 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराकर दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। डलास स्टेडियम में मिकेल ओयारजाबाल ने 22वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने गोल दागकर स्पेन की जीत पक्की कर दी।

स्पेन 2010 के बाद फाइनल खेलेगा। तब टीम ने फाइनल में नीदरलैंड को 1-0 से हराकर अपना इकलौता वर्ल्ड कप जीता था। वहीं, फ्रांस 2018 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने से रह गया। स्पेन को 22वें मिनट में पेनल्टी मिली। फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिग्ने ने बॉक्स के अंदर लामिन यमाल पर फाउल कर दिया। इसके बाद रेफरी ने पेनल्टी दे दी। मिकेल ओयारजाबाल ने गेंद को गोलपोस्ट के दाएं कोने में भेज दिया। इसके साथ ही स्पेन ने 1-0 की बढ़त बना ली। यह ओयारजाबाल का टूर्नामेंट में पांचवां गोल रहा। ओयारजाबाल का शॉट फ्रांस के गोलकीपर माइक मैग्नन नहीं रोक सके।

भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया

## पहले वनडे में अक्षर ने 57 रन बनाए और 4 विकेट लिए




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्मिंघम

भारत ने पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। एजबेस्टन में 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में 4 विकेट पर 262 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। दूसरा मैच 16 जुलाई को कार्डिफ में खेला जाएगा।

जीत के हीरो ऑलराउंडर अक्षर पटेल रहे। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 4 विकेट झटके, फिर नाबाद 57 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल ने 80 रन बनाए।वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 52 रन की पारी खेली।

भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (5) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर (35) ने तीसरे विकेट के लिए 101 रन जोड़कर पारी संभाली। गिल ने 75 गेंदों पर 80 रन बनाए। वे क्रैम्प्स के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। अगले ही ओवर में श्रेयस रनआउट हुए और केएल राहुल भी सिर्फ एक रन बनाकर बोल्ड हो गए। एक समय भारत का स्कोर 160/4 था। चार विकेट गिरने के बाद अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी हुई। अक्षर ने 52 गेंदों पर नाबाद 57 रन बनाए। वॉशिंगटन ने 63 गेंदों पर नाबाद 52 रन की पारी खेली।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 महिलाओं की मौत

**उज्जैन।** 12 जुलाई को तिरूपति डायमंड कालोनी नीलगंगा और ग्राम बरखेड़ा विजयागंज मंडी में चौकीदारी करने वाली महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार को दोनों महिलाओं की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि महिला तिरूपति डायमंड कालोनी की रहने वाली आरती पति जितेन्द्र 38 साल जाति माली समाज की थी। उसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था, हालत गंभीर होने पर मजिस्ट्रेट कथन तहसीलदार के माध्यम से दर्ज कराये गये थे, लेकिन उसमें किसी पर आरोप नहीं लगाया था। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसकी वजह परिजनों के बयान दर्ज होने और जांच के बाद सामने आ पायेगा। दूसरा मामला विजयागंज मंडी क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में चौकीदारी का काम करने वाली रेखा पति कैलाश सोलंकी 45 साल निवासी बाढ़कुमेद नरवर का है। रेखा ने ग्राम बरखेड़ा में जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे माधवनगर थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मंगलवार शाम परिजन आर्थिक परेशानी के चलते उसे अमलतास अस्पताल लेकर जा रहे थे उसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। चरक अस्पताल लाने पर मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा माधवनगर थाना पुलिस को दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम और परिजनों के बयान होने पर जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आ पायेगा।

### दुर्घटना में घायल बालक की 6 दिन बाद थमी सांस

**उज्जैन।** आगर के नहारखेड़ा में रहने वाले 6 वर्षीय बालक राजवीर पिता नारायणसिंह को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 7 जुलाई को परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर आये थे। जहां मंगलवार सुबह बालक की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जांच आगर पुलिस को सौंपी जायेगी।

### ट्रेक्टर निकालने की बात पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम गेलाखेड़ी में खेत के सेढ़े से ट्रेक्टर निकालने की बात पर 2 पक्षों में विवाद हो गया। पिता-पुत्र घायल हुये है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि गांव में रहने वाला हुकमीचंद पिता बसंतीलाल लौहार 57 साल और उसका पुत्र बंटी लौहार 28 साल अपने खेत के सेढ़े से ट्रेक्टर निकाल रहे थे, उसी स्थान पर पडोसी के खेत का सेढ़ा भी लगा था। इस दौरान ट्रेक्टर के पहिये से पत्थर गिर गये। जिसको लेकर दोनों पिता-पुत्र के साथ चेतन, सोहनलाल और गणेश ने मारपीट की। चेतन ने दांत से हुकमीचंद को काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया और घायल पिता-पुत्र का मेडिकल कराया गया है।

### करंट की चपेट में आया रिक्शा चालक

**उज्जैन।** सवारी छोड़ने के बाद सोमवार-मंगलवार रात रिक्शा लेकर घर लौटा चालक करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि आबूखाना में रहने वाले मनोहर पिता मेहरबान 35 साल को रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उसकी मौत होने की खबर अस्पताल से मिलने पर मर्ग कायम कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि रात में रिक्शा लेकर घर लौटा था और चार्जिंग पर लगा रहा था। चार्जिंग वायर में कट लगा होने पर उसे करंट लगा था।

### मिलने से मना किया तो वायरल किये फोटो-वीडियो

**उज्जैन।** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद नाबालिग से मिलने से मना किया तो युवक ने फोटो-वीडियो वायरल कर दिये। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेजा दिया। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कस्बे में रहने वाली नाबालिग कक्षा 7 वीं तक पढ़ी है। कुछ समय पहले उसकी इंस्टाग्राम पर ग्राम केसवाल के रहने वाले हुसैन पिता शाकीर अली से पहचान हो गई थी। दोनों के बीच इंस्टा पर बातचीत होती थी। कुछ दिनों से युवक मिलने का दबाव बना रहा था, नहीं मिलने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। नाबालिग ने मिलने से साफ इंकार कर दिया तो युवक ने फोटो-वीडियो वायरल कर दिये। नाबालिग ने मामले से परिजनों को अवगत कराया। 2 दिन पहले मामले की शिकायत परिजनों ने थाने आकर दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पास्को एक्ट में प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। सोमवार शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक जय चौधरी की भूमिका रही।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 677-0 | 678-1 |
| मेन बाजार | 127-0 | 389-0 |
| मिलन डे | 590-4 | 277-6 |
| मिलन नाइट | 237-2 | 279-8 |

6 7 0

एक का शव ऊपर आने पर दूसरे की शुरू की गई थी तलाश

# विद्यालय के पास तालाब में मिले लापता छात्रों के शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 वीं और कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाले 2 छात्र सोमवार देर शाम लापता हो गये थे। मंगलवार सुबह दोनों के शव विद्यालय के समीप तालाब से मिले। एक का शव ऊपर आ गया था, दूसरे की तलाश में सर्चिंग की गई थी।

घट्टिया थाना क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 10 वीं का अध्ययन करने वाला प्रज्ञान पिता नरेन्द्र विमल 15 साल निवासी ग्राम रठेनपुरा थाना गोहद भिंड और कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत रोशन पिता मुकेश बरेठ 14 साल निवासी शेरगुना थाना कन्नौद जिला देवास सोमवार शाम 7 बजे के लगभग विद्यालय परिसर से लापता हो गये थे। 2 घंटे तक दोनों की तलाश की गई, नहीं मिलने पर रात 9 बजे बाद पुलिस को दोनों के लापता होने से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी करण खोवाल, एसआई प्रवेश जाटव की टीम दोनों छात्रों की तलाश में निकली और आसपास सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें कुछ सामने नहीं आया। पुलिस टीम दोनों की तलाश में बस स्टेंड, उज्जैन आने वाले मार्गो के साथ आसपास के क्षेत्र में रातभर तलाश करती रही। मंगलवार सुबह 7 बजे के लगभग खबर मिली कि विद्यालय के पीछे तालाब में एक छात्र की लाश दिखाई दे रही है। थाना प्रभारी खोवाल टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से छात्र प्रज्ञान का शव बाहर निकाला गया। तालाब के पास उनके जूते और चप्पल मिले। दूसरे छात्र रोशन के डूबने की शंका में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी तालाब पहुंच गई थी। 8 बजे से सर्चिंग शुरू की गई। 11.30 बजे के लगभग दूसरे छात्र का शव भी बाहर निकाल लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया मामले में मर्ग कायम कर दोनों छात्रों के शवों का उज्जैन में पोस्टमार्टम कराया गया है। तालाब के आसपास लाल मिट्टी है। तालाब में दलदल भी है, संभवतः दोनों छात्र तालाब में उतरे और दलदल में फंस गये थे। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



### दोनों के परिजन विद्यालय में पदस्थ

घटनाक्रम के बाद सामने आया कि प्रज्ञान के पिता विद्यालय की मैस में पदस्थ है। प्रज्ञान तीन बहनों का एकलौता भाई था परिवार विद्यालय परिसर में रहता है। रोशन के पिता भी विद्यालय में थे, जिनका निधन होने पर उसकी बड़ी बहन को विद्यालय में अनुकंपा नियुक्ति मिली है। रोशन की मां का भी पूर्व में निधन हो चुका था। विद्यालय में दोनों भाई बहन रहते थे। दोनों के शव मिलने के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### तालाब किनारे पूर्व में जाने की चर्चा

दोनों छात्रों के शव मिलने के बाद दबी जुबान पूर्व में भी तालाब किनारे जाने की चर्चा सामने आई। जवाहर नवोदय विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था काफी मुस्तैद है। बावजूद दोनों छात्र विद्यालय परिसर से बाहर निकल गये थे। जानकारी यह भी सामने आई है कि दोनों विद्यालय की टूटी दीवार के बीच से निकलकर पीछे की ओर तालाब किनारे गये थे। छात्रों के लापता होने और शव मिलने पर विद्यालय में भी हडकंप मचा हुआ है।

अब कोतवाली पुलिस की रिमांड पर ईरानी बदमाश

# उज्जैन में 2, मुम्बई में 11 ठगी की वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिसकर्मी बनकर साथियों के साथ उज्जैन में आभूषण ठगी की 2 वारदात को अंजाम देने वाले ईरानी बदमाश को अब कोतवाली थाना पुलिस ने 3 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया है। बदमाश का एक साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका था, उसके 2 साथी अब भी फरार है।

जुलाई 2025 में कोतवाली थाना क्षेत्र नगर निगम के सामने बाइक से आये दो बदमाशों ने सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सतीश कुमार पिता माणकलाल गुप्ता 66 वर्ष निवासी ऋषिनगर को रोक खुद को पुलिसकर्मी बताते हुये लूटपाट और स्नेचिंग होने का झांसा देकर गले से सोने की चेन, पेंडल, तीन अंगूठी व सोने का ब्रेसलेट उतार लिया था और कागज की पुड़िया में बांधकर वापस देने के बाद फरार हो गये थे। पुड़िया में आभूषण गायब मिले थे। सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। दोनों बदमाशों ने उसी दिन नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत बिहार में रहने वाली आशा अडवानी 60 वर्ष के साथ कालापत्थर पर पुलिसकर्मी बनकर आभूषण ठगी को अंजाम दिया था।

सालभर बाद आभूषण ठगी में शामिल एक बदमाश हुसैनी पिता फैय्याज सैय्यद 45 वर्ष निवासी खड़कपाडा महाराष्ट्र मुम्बई पुलिस की गिरफ्त में आया है। नानाखेड़ा पुलिस उसे प्रोटेक्शन रिमांड पर उज्जैन लाई थी। जिसे रिमांड पर लिया गया था। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोतवाली थाना पुलिस अपने क्षेत्र में हुई वारदात के संबंध में पूछताछ के लिये 3 दिनों के प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर गई है। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि रिमांड पर लिये गये आरोपी के 2 साथी फरार है, जो मुम्बई के रहने वाले है। चारों ने साथ मिलकर उज्जैन में 2 वारदातों को अंजाम दिया था।

### पूर्व में पकड़ा जा चुका है एक आरोपी

नानाखेड़ा थाना एएसआई तवंरसिंह केलवा ने बताया कि मुम्बई जेल से प्रोटेक्शन रिमांड पर लाये गये ठगी के आरोपी हुसैनी से ठगे गये आभूषणों की बरामदगी नहीं हो पाई है। उसका एक साथी साबीर हुसैन उर्फ हैदर अली उर्फ मामू निवासी भोपाल जनवरी माह में गिरफ्तार हो चुका था। हुसैनी के खिलाफ उज्जैन में 2 और मुम्बई में 11 ठगी के मामले दर्ज है। पूर्व में गिरफ्तार और वर्तमान में प्रोटेक्शन रिमांड पर लाये गये आरोपियों द्वारा अपने 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर उज्जैन में ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।



घेराबंदी में पकड़ाया 16 अपराधों का आरोपी

# चोरी की बाइक पर बेचने निकला था कच्ची शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक पर सवार कच्ची शराब बेचने जा रहे बदमाश की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की, बदमाश के हिरासत में आने पर उसके पास से बरामद बाइक की गई चोरी की होना पाई गई। बदमाश के खिलाफ अवैध शराब के साथ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि सोमवार रात खबर मिली थी कि बाइक पर सवार एक व्यक्ति प्लास्टिक की केन में भरी कच्ची शराब बेचने के लिये निकला है। सूचना पर एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक महेश परमार, दिनेश मुनिया के साथ ग्राम टकरावदा-पारदी के कच्चे मार्ग पर घेराबंदी की गई। कुछ देर में बाइक सवार को पकड़ लिया गया। जिसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 5 लीटर कच्ची शराब जप्त हुई। पूछताछ में करने पर आरोपी का नाम श्रवण पिता मांगीलाल बागरी 30 साल निवासी ग्राम पारदी थाना बिरलाग्राम सामने आया। उससे शराब परिवहन और बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे गये। दोनों उसके पास नहीं होने पर गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। बाइक संबंधित जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि 11 जुलाई को ग्राम पारदी से चोरी की थी, जिसके माध्यम से अवैध शराब का परिवहन कर रहा था। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में उसके खिलाफ संगीन धारा में 16 मामले दर्ज होना सामने आये। मंगलवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चैन्नई का था निवासी, दर्शन करने आया था उज्जैन

# होटल में मृत मिला मुम्बई सेंट्रल यूनिवर्सिटी का क्लर्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन करने मुम्बई से आये चैन्नई के दर्शनाथी की सोमवार रात होटल के कमरे से लाश मिलना सामने आया। मंगलवार को परिजन उसका शव फ्लाइट से चैन्नई लेकर गये है।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि सोमवार रात 11.30 बजे सखीपुरा स्थित होटल कुशल हेरिटेज के कमरा नम्बर 201 में ठहरे चैन्नई तमिलनाडू स्थित वादिवेलुपुरम वेस्ट मामबलम के रहने वाले सेंथिल कुमार वी पिता वादीवेलु 47 साल की लाश पड़ी होने की खबर होटल संचालक राहुल सुराना से मिली थी। घटनास्थल पर एएसआई बलराम जाट पहुंचे और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि 2 दिनों से कमरा बुक था। रविवार को महाकाल, कालभैरव और अन्य धार्मिक स्थल के दर्शन कर लौटे थे। उसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। उन्होने आराम करने की बात कहीं थी। सोमवार देर शाम उन्हे चैकआउट करना था। लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला उनके मोबाइल पर कॉल किया गया। रिसिव नहीं होने पर कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा गया, अंदर दर्शनार्थी की लाश पड़ी थी। एएसआई बलराम जाट ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई थी। मंगलवार दोपहर चैन्नई से मृतक का साला और दोस्त उज्जैन पहुंचे। उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। दर्शनाथी की मौत हार्ट अटैक से होना सामने आया है। शव लेने आये साले ने बताया कि मुम्बई स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में क्लर्क थे और वर्तमान में मुम्बई में निवास कर रहे थे। साला और दोस्त फ्लाइट से शव चैन्नई लेकर गये है।

### होटल की छत से गिरा आलोट का मजदूर

इंदौररोड पर होटल की छत पर काम कर रहा मजदूर मंगलवार शाम ऊंचाई से गिर गया। उसे साथी मजदूर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली कि विक्रमगढ़ आलोट स्थित ग्राम भुजाखेड़ी के रहने वाले रामा पिता नारायण बागरी 28 साल की ऊंचाई से गिरने पर उपचार के दौरान मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। फिलहाल जानकारी सामने आई है कि मृतक अंवति अस्पताल के पास होटल की छत पर काम करते समय गिरा था। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही घटनाक्रम स्पष्ट हो पायेगा।

**इधर फंदे पर लटका युवक-** महाकाल थाना क्षेत्र के नलियाबाखल क्षेत्र में रहने वाले सोनू पिता कैलाश 42 साल ने मंगलवार देर शाम फांसी लगा ली। उसे चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मामला जांच में लिया गया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

# बच्चों की टॉय कार से निकला रसल वाइपर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मानसून की शुरूआत के साथ ही उज्जैन में सांप निकलने की घटनाओं में तेजी आ गई है। शहर की स्नेक रेस्क्यू टीमों को प्रतिदिन औसतन 4 से 5 कॉल प्राप्त हो रही हैं। हाल ही में कानीपुरा रोड स्थित गिरिराज रतन कॉलोनी में एक घर के भीतर बच्चों की टॉय कार से देश के सबसे विषैले सांपों में शामिल रसल वाइपर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया।

स्नेक रेस्क्यू टीम के सदस्य राहुल ने बताया कि सूचना मिलने के करीब 20 मिनट के भीतर टीम मौके पर पहुंची। घर की तलाशी लेने पर बच्चों की टॉय कार में कपड़ों के नीचे छिपा रसल वाइपर मिला। सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर सांप को आबादी से दूर उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम के अनुसार बारिश के मौसम में नई विकसित कॉलोनियों और निर्माणाधीन क्षेत्रों से सांप निकलने की घटनाएं अधिक सामने आती हैं। नानाखेड़ा, मुल्लापुरा, नागझिरी, आगर रोड, इंदौर रोड तथा शहर की सीमा से लगी नई कॉलोनियों से सबसे ज्यादा रेस्क्यू कॉल मिल रही हैं।

# भगवान जगन्नाथ यात्रा को लेकर कंट्रोलरूम पर समीक्षा बैठक आयोजित




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान जगन्नाथ यात्रा का शहर में 2 स्थानों से आयोजन होना है। यात्रा को लेकर मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोलरूम पर दोनों यात्रा के आयोजकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पहली बैठक एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे की मौजूदगी में हुई। जिसमें इस्कॉन मंदिर जनसंपर्क अधिकारी राघव पंडित और वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण पर समन्वय स्थापित करना रहा। दूसरी बैठक एएसपी आलोक शर्मा, सीएसपी पुष्पा प्रजापति और दीपकसिंह की मौजूदगी में पुराने शहर से निकलने वाली खाती समाज की जगन्नाथ यात्रा आयोजकों के साथ की गई। इस दौरान समाज के प्रतिनिधि मंडल को निर्देशित किया गया कि यात्रा के दौरान अखाड़ों में हथियार प्रतिबंधित रहेगें। यात्रा में सिर्फ घोड़ों को शामिल किया जायेगा अन्य पशु यात्रा में शामिल नहीं होगें।

सभी प्रतिभागी निर्धारित मार्ग और समय का पालन करेगें। किसी भी प्रकार के मार्ग परिवर्तन, अतिरिक्त कार्यक्रम की पूर्व सूचना पुलिस प्रशासन को अनिवार्य रूप से देना होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जायेगा। अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने, संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना पुलिस को तत्काल देना होगी। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा, परंपराओं का सम्मान करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। यात्रा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यात्रा शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

एमपी ट्रांसको ने चापड़ा में ऊर्जीकृत किया 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर

# देवास जिले की पारेषण क्षमता में हुई वृद्धि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के उपक्रम मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने देवास जिले की पारेषण प्रणाली को सुदृढता प्रदान करते हुए।

220 केवी सबस्टेशन चापड़ा की क्षमता वृद्धि कर 50 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से सबस्टेशन की स्थापित ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढ़कर 153 एमवीए की हो गई है।

श्री तोमर ने बताया कि इस सब स्टेशन में यह 132/ 33 केवी लेवल का चौथा पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है, इससे सबस्टेशन में सिंचाई के लिए एनवीडीए के पंप हाउस फीडर के साथ क्षेत्र मे सिंचाई एवं घरेलू लोड का उचित प्रबंधन किया जा सकेगा।



देवास जिले की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढ़कर हुई 2058 एमवीए एमपी ट्रांसको उज्जैन के अधीक्षण अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी देवास जिले में अपने 12 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण का कार्य करती है, जिसमें 220 केव्ही सबस्टेशन देवास व चापड़ा तथा 132 के व्ही के आगरोद, बीएनपी (बैंक नोट प्रेस), एमएसपी (मिनी स्टील प्लांट), शंकरगढ़, बरोठा, सोनकच्छ, किशनगढ़, कन्नौद, खातेगांव एवं सतवास शामिल हैं। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से देवास जिले की स्थापित ट्रांसफारमेशन केपैसिटी बढ़कर 2058 एमवीए की हो गई है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com